दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :159
प्रतापगढ़ | शुक्रवार, 12 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


# पूरे अकीदत और ऐहतराम के साथ मनाई गई ईद उल फित्र



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। देशभर में आज ईद उल फित्र का त्यौहार पूरे अकीदत और ऐहतराम के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुसलमानों के जरिए ऐतिहासिक शाहजहानी जामा मस्जिद के अलावा तमाम ईदगाहों और छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की गई और एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी गई।

ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने सबसे पहले सुबह 6-30 ईद की नमाज अदा कराई। इस मौके पर बड़ी तादाद में जमा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए भीड़ पहुंची। नमाज पढ़ने वाले लोगों की भीड़ का आलम यह रहा कि जामा मस्जिद का अंदरुनी हिस्सा, सहेन, सीढ़ियां और यहां तक की तीनों तरफ की रोड पर भी लोगों ने नमाज अदा की है। इस मौके पर शाही इमाम ने शांति -सद्भाव और सभी के साथ मिलजुल कर ईद की खुशियां मनाने की अपील की है।

ऐतिहासिक मस्जिद फतेहपुरी में भी शाही इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने ईद की नमाज अदा कराई।यहां पर भी नमाजियों का बड़ा मजमा देखने को मिला। मस्जिद के बाहर चांदनी चौक, टाउनहॉल, खारी बाउली और बल्लीमारान तक लोगों को ईद की नमाज अदा करते हुए देखा गया। इस मौके पर डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने ईद की खुशियों में सभी को शामिल करने और मिलजुल कर ईद मनाने की बात कही। उन्होंने देश में अमन व अमान के साथ-साथ पूरे दुनिया में शांति और सद्भाव के लिए विशेष दुआएं कीं। ईद की नमाज अदा करने के लिए राजधानी दिल्ली का तीसरा बड़ा हुजूम शाही ईदगाह सदर बाजार में उमड़ा। इसके अलावा राजधानी के अन्य मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मस्जिदों में मुसलमान ने ईद की नमाज अदा की है। दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया और दरगाह हजरत बख्तियार काकी महरौली में भी ईद की नमाज अदा की गई जिसमें हजारों की संख्या में मुसलमानों ने भाग लिया।

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे पर दुख जताया



नई दिल्ली, 11 मार्च (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुए स्कूल बस हादसे पर दुख जताया है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूल बस दुर्घटना में अनेक मासूम बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह क्रूर आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।
प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

## भाजपा का विपक्ष पर प्रहार, कहा- घमंडिया गठबंधन की भाषा निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआई गठबंधन के नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले पर पलटवार करते हुए उनकी चुनावी भाषा को निचले स्तर का बताया। भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष का प्रचार स्तर इतना नीचे गिर गया है कि वे मोदी जी मरेगा की बात कर रहे हैं। लालू जी की बेटी और राजद की नेता मीसा जी ने कहा है कि मोदी जी को जेल भेजा जाएगा। देश सुनना चाहता है कि भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा या नहीं।

विपक्ष का अभियान इस स्तर पर है कि कोई नेताओं को जेल भेजने की बात कर रहा है और कोई मौत की बात कर रहा है। विनोद तावड़े ने विपक्ष के नेताओं से पूछा कि बस्तर लोकसभा सीट पर चुनावी सभा में प्रचार के दौरान उनके नेता प्रधानमंत्री या एनडीए पर मुद्दों पर प्रहार न करते हुए, मोदी जी मरे इस तरह की भाषा पर क्यों उतर आए हैं? देश जानना चाहता है कि भ्रष्टाचारियों को जेल में डाला जाएगा या नहीं। आंतकवादियों को मारा जाना चाहिए या नहीं, मुरलीधरन के काफिले पर हमले किए जा रहे हैं। विपक्ष किसी भी तरह से एनडीए को 400 पार रोकने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहा है।

## महेंद्रगढ़ बस दुर्घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और पीड़ादायक-खड़गे



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार सुबह हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुई बस दुर्घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और पीड़ादायक बताया है। हादसे में 08 बच्चों की मौत हो गई जबकि 15 बच्चे घायल हो गए हैं। खड़गे ने एक्स पोस्ट में कहा कि शोक संतप्त परिवारों को हमारी ओर से गहरी संवेदनाएं, ईश्वर उनको ये दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे। हम घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की हम कामना करते हैं।

## एलन मस्क इसी महीने आएंगे भारत, प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के लिए उत्सुक



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क इस महीने भारत दौरे पर आएंगे। अपनी भारत यात्रा के दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

एलन मस्क ने एक्स हैंडल पोस्ट पर कहा है, %%भारत में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के लिए उत्सुक हूं।%% मस्क भारत में टेस्ला की निवेश योजनाओं की भी घोषणा कर सकते हैं। यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मस्क अबतक दो बार मिल चुके हैं। पहली बार प्रधानमंत्री की 2015 में कैलिफोर्निया के टेस्ला फैक्टरी में मस्क से मुलाकात हुई थी। इसके बाद जून 2023 में दोनों न्यूयॉर्क में मिले थे। उल्लेखनीय है, एलन मस्क अपनी कंपनी टेस्ला को भारतीय बाजार में उतारने जा रहे हैं। भारत में टेस्ला के इलेक्ट्रिक व्हीकल को उतारने की योजना पर पहले ही काम शुरू हो चुका है। टेस्ला दुनिया में इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चर करने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। भारत में टेस्ला का अभी तक कोई मॉडल नहीं आया है। दुनिया में वाहनों की बिक्री को देखते हुए भारत इन वाहनों का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है।

## कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता भाजपा में शामिल



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। गुप्ता ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े मौजूद रहे। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर से डॉ. जहानजिद सिरवाल, परमपाल कौर, गुरुप्रीत सिंह मालुका ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर रोहन गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस के रवैए के कारण एक महीना पहले ही उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब दिशाविहीन हो गई है। कांग्रेस के विचारों में भी विरोधाभास परिलक्षित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने रोहन गुप्ता को अहमदाबाद उत्तर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनााया था, लेकिन उन्होंने 18 मार्च को यह कह कर टिकट ठुकरा दिया कि उनके पिता नहीं चाहते कि वे कांग्रेस से चुनाव लड़ें। इसके बाद 22 मार्च को उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले कांग्रेस के एक और राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी।

## प्रधानमंत्री मोदी आज उत्तराखंड और राजस्थान में भाजपा की जनसभा को संबोधित करेंगे

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव में 400 पार के संकल्प के साथ आज उत्तराखंड और राजस्थान में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज के चुनावी कार्यक्रम को भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा किया है। भाजपा के एक्स हैंडल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड के ऋषिकेश में दोपहर 12 बजे भारतीय जनता पार्टी की जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान पहुंचेंगे। वो राजस्थान में धौलपुर जिले के करौली में पार्टी की जनसभा को संबोधित करेंगे।

## ईडी के बाद अब सीबीआई की गिरफ्त में के. कविता



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेत्री के. कविता अभी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों के तहत जेल में बंद है वहीं जेल में ही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूछताछ के लिए उन्हें गिरफ्त में ले लिया है।

अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने पूछताछ के लिए पहले ही अनुमति ले ली थी। कानूनी जानकारों के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली की अदालत में के. कविता के मामले में सुनवाई है। इस दौरान सीबीआई हिरासत में लेने की मांग कर सकती है। के.कविता तेलंगाना के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। के.कविता को प्रवर्तन निदेशालय ने वित्तीय अनियमितता के मामले 15 मार्च को हैदराबाद बंजारा हिल्स से गिरफ्तार किया था। उसके बाद से वे तिहाड़ जेल में बंद है। बुधवार को सीबीआई ने के. कविता से पूछताछ करने के बाद गुरुवार को गिरफ्तार किया है। के. कविता पर दक्षिणी समूह के एक सदस्य होने का आरोप है। जिसने कथित तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में शराब लाइसेंस के एवज में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी को सौ करोड़ रुपये दिए थे।

## भारत के सात गेमर्स से मिले प्रधानमंत्री मोदी, इंडस्ट्री पर की चर्चा और खेला गेम



नई दिल्ली, 11 मार्च (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय गेमिंग समुदाय के कुछ जाने-माने लोगों से मुलाकात की और गेमिंग के भविष्य के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि गेमिंग उद्योग किस दिशा में जा रहा है और यह कैसे आगे बढ़ सकता है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार सात गेमर्स ने मोदी से मुलाकात की और प्रधानमंत्री ने कुछ खेलों में हाथ भी आजमाया। मोदी से मिलने वाले सात टॉप गेमर्स में अनिमेष अग्रवाल, नमन माथुर, मिथिलेश पाटनकर, पायल धारे, तीर्थ मेहता, गणेश गंगाधर और अंशु बिष्ट शामिल थे।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान दिलचस्प बातें की। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में बताया कि वह अपने बाल को कलर करके सफेद करते हैं ताकि वह भी मैच्योर दिखें। इस पर बातचीत में शामिल लोग भी मुस्कुरा उठे। वीडियो में प्रधानमंत्री गेमर्स से बातचीत करते हुए नज़र आ रहे हैं और उन्होंने बताया कि कैसे गेमिंग इंडस्ट्री केंद्र में आ रही है। एक गेमर ने बताया कि कैसे भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित खेलों में वृद्धि हुई है जबकि दूसरे ने बताया कि कैसे सरकार ने उनकी रचनात्मकता को पहचानना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने गेमर्स से सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि क्या गेमर्स को गेमिंग को जुए के बराबर मानने की दुविधा का सामना करना पड़ता है। एक गेमर ने जवाब दिया कि अब समय आ गया है कि असली पैसे वाले खेलों और कौशल आधारित खेलों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए। वीडियो में एक गेमर से यह भी पूछा गया कि क्या गेमिंग एक लत हो सकती है या नहीं। प्रधानमंत्री ने एक गेमर से यह भी पूछा कि क्या अधिक लड़कियों को गेमिंग उद्योग का हिस्सा बनना चाहिए और क्या उन्हें इस क्षेत्र में अधिक रुचि लेनी चाहिए। बातचीत के बाद प्रधानमंत्री को अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर कई तरह के गेम खेलने का प्रयास करते देखा गया। उन्होंने वीआर-आधारित गेम, मोबाइल गेम के साथ-साथ पीसी/कंसोल गेम भी खेले।

## प्रधानमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले को जयंती पर नमन किया



नई दिल्ली, 11 मार्च (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर नमन किया। मोदी ने सामाजिक न्याय एवं दलितों को सशक्त बनाने में उनके महान योगदान को भी याद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज हम महान महात्मा फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हैं। एक दूरदर्शी समाज सुधारक जिन्होंने अन्याय से लड़ने और समानता को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, उनके विचार लाखों लोगों को शक्ति देते हैं। शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके अथक प्रयासों ने समाज पर एक अमिट छाप छोड़ी है। आज गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने के उनके सपने को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है।

## पीएलएफआई नक्सली समूह के खिलाफ कार्रवाई में एनआईए ने एक को किया गिरफ्तार




नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के खूंटी जिले से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को गिरफ्तार किया है। आरोपित पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) का एक सशस्त्र कैडर है, जो एक अलग नक्सली समूह है। यह झारखंड के चार पीएफएलआई से जुड़े मामलों में वांछित था।

## लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए शुक्रवार को जारी होगी अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की अधिसूचना शुक्रवार को जारी होगी। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों पर मतदान 07 मई को होगा। मध्य प्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट पर भी मतदान 07 मई को ही होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है।

इस चरण में असम की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी दो, गोवा की सभी दो, गुजरात की सभी 26, जम्मू एवं कश्मीर की एक, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश की 8, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को होगी जबकि 22 अप्रैल तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था, लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। अब इस चरण का मतदान तीसरे चरण में यानी 07 मई को होगा।

# जनपद में खुशियों और अकीदत से मनाई गई ईद

## मुल्क की सलामती, अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शहर में ईद-उल-फित्र का त्योहार गुरुवार को अकीदत एवं खुशियों के साथ मनाया गया। बुधवार शाम चांद नजर आने के बाद सुन्नी एवं शिया मुसलमानों ने ईदगाह, जामा मस्जिद सहित तमाम छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की। मस्जिदों में छोटे बच्चों और युवाओं में उत्साह देखने को मिला। सड़क पर नमाज की अनुमति न मिल पाने की वजह से जामा मस्जिद में सुबह आठ बजे और नौ बजे दो बार ईद की खास नमाज हुई।

शहर की जामा मस्जिद, अब्दुल्ला मस्जिद, अबुबकर मस्जिद, एकमीनारा मस्जिद, दायराशाह अजमल दरगाह, नूरी मस्जिद, मदरसा इस्लाहिया सदर बाजार, चौदहों पीर, मुनव्वर अली शाह, करेली, हटिया बहादुरगंज समेत मुस्लिम बाहुल्य इलाकों की तमाम बड़ी एवं छोटी मस्जिदों में सुन्नी समुदाय ने नमाज पढ़ी। शिया समुदाय ने भी कुछ मस्जिदों में नमाज अदा की ईद की नमाज के लिए सुबह से लोग मस्जिदों पहुंच गये।

सिर पर टोपी और नए कपड़े पहनकर लोगों के ईद की खास नमाज पढ़ी। नमाज से पहले रवायत के मुताबिक लोगों ने फितरा भी निकाला। इबादतगाहों में नमाजियों के लिए वजू से लेकर हर तरह के इंतजाम किए गए थे।

खुदा की बारगाह में सजदा के दौरान तमाम रोजेदारों ने रोजे अता करने के लिए अल्लाह का शुक्रिया अदा किया। बाद में मुल्क की सलामती, अमन-चैन, बरकत, तरक्की, खुशहाली आदि के लिए दुआएं मांगी गई।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों के बाहर गैर मुस्लिमों ने सबको गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों के साथ बड़ों ने नए कपड़े पहने और सेवइंयों का लुत्फ उठाया। चांद रात से ही फोन, मोबाइल, एसएमएस के जरिये शुरू हुआ मुबारकबाद देने का सिलसिला भी जारी रहा। लोगों ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को अपने घर सिंवई खाने की दावत दी, वहीं बच्चों ने बड़ों से ईदी लेकर मौज मस्ती की। नमाज के बाद लोगों ने अपने रिश्तेदारों और गैर मुस्लिम दोस्तों को भी सिवईयां खिलाई।

### बच्चों को मिली ईदी तो आईसक्रीम और चुरमुरे की हुई खूब खरीदारी



ईद तो असल माएने में बच्चों की ही होती है। बच्चें जहां नए नए कपड़े पहन कर खुश नज़र आए तो वहीं ईदी पर मिली रक़म से आईसक्रीम व चुरमुरे खरीद कर खुश होते रहे वहीं कुछ ने चकर चूं के झूले का आनन्द उठाया तो कोई हवा भरे मिकी माउस से उछल कूद कर फिसलता रहा।

### फेसबुक ट्विटर एमएमएस और वाट्सऐप पर दिन भर चला बधाई देने का संदेश

**प्रयागराज।** तीस रोज़े मुकम्मल होने और ईद के चांद के दीदार की खबर मिलते ही लोगों का एक दूसरे को मौखिक व फेसबुक ट्विटर एमएमएस और वाट्सऐप पर मुबारकबाद देने का संदेश देर रात से शुरु होकर ईद की रात तक जारी रहा।लोगों पटाखे छुड़ा कर खुशी का इज़हार भी किया।

# दलितों एवं वंचितों के मसीहा थे ज्योतिबा फुले- राजेंद्र मिश्रा

## भाजपा अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की मनाई जयंती



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी महानगर सिविल लाइंस के कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जन्म जयंती महानगर अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा आयोजित किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र मिश्र ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक थे जिन्होंने अपने समय काल में दलितों, वंचितों के साथ महिलाओं के उत्थान के लिए भी अथक प्रयास किए। उन्हीं के प्रयास के द्वारा महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी।

इस अवसर भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष राजेश गोंड़ एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा कि आज हमारे समाज में महिलाओं को जो सम्मान मिल रहा है वह ऐसे ही महापुरुषों की देन है द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश गोंड एवं संचालन आनंद जायसवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व महानगर महामंत्री श्याम चंद्र हेला, राजेश केसरवानी, घनश्याम मौर्य, प्रशांत शुक्ला, रितेश कुमार, आयुष कुमार, गौरी शंकर वर्मा अंगद सिंह पटेल, अमित गोंड, सूरज गोंड, राजू पटेल, राकेश भारती, दिनेश सिंह, शत्रुघ्न जायसवाल, अजय शर्मा,डॉ ओम प्रकाश, अनिता राज, मुकेश कुमार, खुशबू देवी, राजकुमार, पूजा जोगी, सुधा गोंड, विवेक कुमार, रमेश कुमार, रंजीत कुमार, सिद्धार्थ, हीरालाल, सत्यम, सुमन दास, ऋषि कुमार, विक्रांत गोंड इत्यादि लोग शामिल रहे

# संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के बोझ जले



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** थाना अंतर्गत रसूलपुर मैलहन गांव में बीती शाम संदिग्धावस्था में सैकड़ों बोझ गेहूं के जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने अपने संसाधनों से आग पर काबू पाया। भुक्तभोगी ने डायल 112 को बुलाकर घटना से अवगत कराया। इसी बीच फायर सर्विस वालों के फोन से भी संपर्क साधने पर बात नहीं हो सकी। फिलहाल भुक्तभोगी का कहना है कि आग लगी नहीं लगाई गई है। आर आई लेखपाल को सूचना दी गई है।

# आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने निकाली 51 किमी लंबी यात्रा

## पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति संवर्धन सहित स्वच्छता का स्वयंसेवकों ने दिया मंत्र



**प्रयागराज।** पुरातन संस्कृति से युवाओं को परिचित कराने को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, इलाहबाद विश्वविद्यालय नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा ÷साहसिक यात्रा÷ निकाली गई। साइकिल से केपीयूसी छात्रावास गेट से गौहानिया, कौंधियारा होते हुए देवरा गांव के पाटलेश्वर महादेव मंदिर तक 50 किलोमीटर की लंबी यात्रा कार्यकर्ताओं ने तय किया। इस कार्यक्रम को नगर संघचालक फूल सिंह ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा में कुल 51 स्वयंसेवक ने भाग लिया।

साहसिक यात्रा युवाओं को पर्यावरण बचाने व ऐसे नियमित अभ्यासों से उन्हे स्वस्थ बनाने को यह यात्रा आयोजित की गई है। रास्ते में कई जगहों पर स्थानीय स्वयंसेवियों न इन कार्यकर्ताओं का स्वागत पुष्प-वर्षा कर किया। गंतव्य स्थल पर पहुंचने के बाद वहां सफाई अभियान चलाया गया और मंदिर परिसर की सफाई की गई। इसके पश्चात सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक शिवांक सिंह ने कहा कि आयोजित की गई यात्रा काफी साहस भरी थी, जो युवा आज एक किलोमीटर भी पैदल या साइकिल से नहीं जाना चाहता वहीं स्वयंसेवकों ने 50 किलोमीटर की लंबी यात्रा तय की है। विश्वविद्यालय नगर के विद्यार्थी कार्यवाह ओंकार ने कहा कि आज के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इतनी लंबी यात्रा में सभी ने एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया और इसे सफल बनाया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय नगर के नगर प्रचारक संदीप, विद्यार्थी सह-कार्यवाह नंदीश, युवराज बुंदेला, भास्कर त्रिपाठी, विवेक मिश्र, भव भारत, आलोक ज्वाला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### त्रिवेणी नगर मोहल्ले में बंदरों का आतंक , मोहल्ले वासी परेशान

**नैनी( प्रयागराज )।** नैनी क्षेत्र के त्रिवेणी नगर मोहल्ले में इन दिनों बंदरों का आतंक काफी बढ़ गया है। बंदरों के बढ़ते आतंक से मोहल्ले वासी काफी परेशान हो गए हैं।बताया जाता है, कि नैनी के त्रिवेणी नगर मोहल्ले में इन दिनों बंदरों का आतंक काफी बढ गया है । यह लोग सुबह से शाम एवं देर रात तक लोगों की छतों और आंगन में बैठे रहते हैं। मौका पाते ही बंदरों का झुंड लोगों के यहां घुसकर खाना एवं अन्य सामानों को उठा ले जाते हैं। कीमती कपड़ों को फाड़ डालते हैं। बंदरों के चलते मोहल्ले में लोग अपनी दुकान नहीं खोल पाते हैं। बंदरों के आतंक के चलते सारा दिन दुकान बंद करना पड़ता है। दिन और रात बंदरों के बढ़ते आतंक से क्षेत्रीय वासी काफी परेशान हो चुके हैं। मना करने पर यह लोगों को काटने के लिए दौड़ा लेते हैं। अब तक न जाने कितने लोग इन बंदरों के शिकार हो चुके हैं।क्षेत्रीय लोगों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराते हुए इन बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

# देवी मंदिरों में मां के दर्शन को उमड़ी भारी भीड़

## मां का हुआ भव्य श्रृंगार, एक झलक पाने को आतुर रहे श्रद्धालु





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन प्रयागराज के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दर्शन, पूजन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का जुटनी शुरू हो गई। रात तक मंदिरों दर्शन पूजन का दौर चला। भक्तों ने घरों में भी पूजा-अर्चन की। तमाम घरों में लोगों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। तीसरे दिन मंदिरों में मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा देवी की आराधना की गई। घंटा और घड़ियाल की गूंज से पूरा वातावरण देवीमय रहा। जयकारों के बीच लोगों में मां के दरबार में शीश झुकाया। नारिलय, पुष्प, माला, फल, नैवेद्य, मेवा आदि का भोग लगाया।

मीरापुर स्थित महाशक्ति ललिता देवी मंदिर में देवी के ब्रह्मचारिणी स्वरूप में फूलों और आभूषणों से शृंगार किया गया। यहां देवी के शृंगार दर्शन के लिए शाम को लोगों की लंबी कतार लग गई। गर्भगृह से लेकर मंदिर के बाहर तक की सजावट देखने लायक रही। यहां दुर्गा सप्तशती पाठ, शतचंडी महायज्ञ, अनुष्ठान आदि हुए। प्रातऱ्काल मंगला आरती के बाद प्रसाद का भी वितरण हुआ। इसी तरह सिद्धपीठ कल्याणी देवी मंदिर में देवी कल्याणी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी।

अलोपीबाग स्थित सिद्धपीठ अलोपशंकरी मंदिर में देवी के दर्शन के साथ ही निशान चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां नवविवाहित जोड़ों ने मंदिर में दर्शन, पूजन करके आशीर्वाद मांगा। इसी तरह मुट्ठीगंज स्थित कालीबाड़ी समेत शहर के अन्य देवी मंदिरों में मां के दर्शन एवं पूजन के लिए लोगों की भीड़ जमा रही। तमाम मंदिरों के पास लगी दुकानों से ही लोगों ने लाल चुनरिया, नारियल सहित पूजन सामग्री और माला-फूल आदि की खरीदारी की।

शक्तिपीठ अलोप शंकरी में तो भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। समूची दुनिया में यह इकलौता ऐसा मंदिर है, जहां देवी की कोई मूर्ति नहीं है और श्रद्धालु एक पालने की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक् शिवप्रिया सती के दाहिने हाथ की उंगलियां यहां गिरकर अलोप यानी अदृश्य हो गई थीं, इसलिए यहां देवी के पालने की पूजा की जाती है। यही वजह है कि शारदीय नवरात्रि के मौके बड़ी संख्या में भक्त देवी मां के दर्शन पूजन के लिए जुटते हैं।

# भाजपा के दो सांसदों पर भारी पड़े पार्टी के दो विधायक



**हंडिया।** लोकसभा क्षेत्र भदोही और फूलपुर में वर्तमान सांसदों पर पार्टी के दो विधायक भारी पड़ गए हैं। जिसकी वजह से वर्तमान दोनों सांसदों का टिकट पार्टी द्वारा काट दिया गया है। भदोही के सांसद रमेश चंद्र बिंद का टिकट काटकर भदोही लोकसभा से डॉ विनोद कुमार बिंद को भदोही का भाजपा प्रत्याशी बनाया गया है। डॉ विनोद कुमार बिंद जनपद मिर्जापुर के विधानसभा मझवां के विधायक हैं। इसी प्रकार फूलपुर के सांसद केसरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधानसभा फूलपुर के विधायक प्रवीण कुमार पटेल को फूलपुर लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया गया है। जिससे दोनों सांसदों पर पार्टी के दोनों विधायक भारी पड़ गए। फलस्वरुप दोनों विधायकों पर पार्टी ने भरोसा जताते हुए उन्हें लोकसभा का टिकट दे दिया गया। जबकि जीते दोनों सांसदों का टिकट काट दिया गया। बुद्धिजीवियों का मानना है कि भाजपा की 400 पार का नारा का यहीं फार्मूला है। फूलपुर विधायक प्रवीण कुमार पटेल वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के मुज्तफा सिद्दीकी 2732 वोटों से हराया था। पूर्व में बसपा के विधायक रह चुके हैं। वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव में बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामा था।

# महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई

## सपा कार्यालय में उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर किया गया नमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** देश के महान समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी, महात्मा ज्योति राव ÷ज्योतिबा ÷गोविन्द राव फुले जिनको ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है की जयंत आज सपा कार्यालय में मनाई गई। पार्टी कार्यालय में सपा जनों ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए उनके विचारों, सिद्धांतों पर चर्चा की गई।

सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने महात्मा फुले को सामाजिक गैर बराबरी, महिलाओं की शिक्षा, अछूत आदि जैसे बुराइयों को दूर करने के लिए आजीवन संघर्ष करने वाला महान पुरुष बताया। अनिल यादव ने कहा कि देश कि आजादी से लेकर आम आदमी के सम्मान, महिला सशक्तिकरण के लिए भारत देश उन्हें कभी नहीं भूल सकता। सपा अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



राजू पासी ने कहा कि इन्ही समाज सुधार के कार्यों के कारण उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई थी। सामाजिक व्यवस्था के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

इस मौके पर अनिल यादव, राजू पासी, डॉ राजेश यादव, आर. एन. यादव,दान बहादुर मधुर, गीता भारतीय, महेन्द्र, कुलदीप यादव, नाटे चौधरी, सचिन श्रीवास्तव, जय सिंह यादव, जगदीश यादव, राजू श्रीवास्तव, राकेश यादव, सुरेश यादव, प्रशांत यादव आदि ने भी अपने विचार रखे।

# संगठित प्रयास करने पर ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है- अनिरुद्ध महाराज



**प्रयागराज।** श्री नव संवत्सर मानव समिति कल्याणी देवी प्रयागराज के द्वारा मां कल्याणी देवी के धाम में आयोजित श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर पूज्य व्यास डॉक्टर अनिरुद्ध महाराज ने कहा कि जब संपूर्ण समाज के द्वारा संगठित प्रयास किया जाता है तभी लक्ष्य की प्राप्ति होती है! सामाजिक विषमता एवं सामाजिक दोषों के निवारण के लिए समाज जब एक साथ जुट करके प्रयास करता है तो ऐसे दोष दूर हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र पर राम मंदिर तभी बन सका जब संपूर्ण सनातन समाज एक साथ इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए खड़ा हो गया। कश्मीर से धारा 370 भी भारतीय संविधान से तभी हट पाई जब संपूर्ण राष्ट्र ने इसे हटाने के लिए एकजुट होकर प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति संकट में डूब जाता है तब ईश्वर की शरण में जाता है क्योंकि उसका अहंकार टूट जाता है।

मां कल्याणी देवी मंदिर के अध्यक्ष एवं श्री नव संवत्सर मानस समिति के संयोजक पंडित सुशील पाठक ने बताया कि शक्ति उपासक की महत्ता सृष्टि के आदिकाल से ही चली आ रही है। पूरे देश में 51 शक्ति पीठों का विशेष महत्व है और शताध्याजयी प्रयाग के अनुसार इनके दर्शन पूजन स्तवन से सभी की मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

मां कल्याणी देवी मंदिर के महामंत्री श्याम जी पाठक ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ में हजारों की एवं मां कल्याणी की झांकी का नित्य नूतन दर्शन में लाखों की संख्या में भक्तगण शामिल होते हैं। संचालन प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष नीलम करवरिया, पुनीत वर्मा, सुबोध खन्ना, राजेश केसरवानी, रजत चड्ढा, अनिल पाठक, सुधीर शर्मा, शेष नारायण किशन जी पाठक, गौरव करवरिया, वैभव करवरिया आदि ने आरती की।

# श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुन झुमे श्रद्धालु



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के सिलौधी गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए अमित पांडेय जी महाराज प्रतापगढ़ के राजापुर से आये भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को विस्तार से बताया । जय श्री कृष्ण के उद्घोष से पूरा पंडाल गूँज उठा । उन्होंने बताया कि आठवीं संतान के रूप में कालकोठरी में भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया । इस समय जोरदार पटाखे फोड़े गया । महिलाओं ने सोहर गीत गाया ।

इस दौरान कालकोठरी को चौकीदारी कर रहे सभी सैनिक मूर्छित हो गए । चारों ओर एक दिव्य प्रकाश फैल गया । नंदबाबा के पैर में पड़ी बेड़ियां अपने आप खुल गई । वह श्रीकृष्ण को उठाए और गोकुल की तरफ निकल पडे । गोकुल पहुंच कर मैया यशोदा की गोद श्रीकृष्ण को रखकर वहां से कन्या लेकर मथुरा वापस आ गई ।

कथा के पश्चात आयोजक परिजन यजमान भोला नाथ शुक्ला पत्नी चंद्र कली शुक्ला ने आरती की। उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरित किया । इस दौरान अवधेश कुमार शुक्ला , कृपा शंकर पांडेय , राजेन्द्र प्रसाद पांडेय , पप्पन प्रसाद उपाध्याय , बाबा लाल तिवारी , रमेश तिवारी रूद्रमणि पांडेय , दया शंकर मिश्रा , विद्या मिश्रा , प्रेम शंकर मिश्रा , जागरत मिश्रा , राम बहादुर सिंह पटेल आदि लोग रहे ।

# प्रेस स्थायी समिति की बैठक न होने से पत्रकारों में रोष

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** जिले से लेकर तहसील तक की प्रेस गठित स्थायी समितियों की बैठक न होने से जहां एक ओर पत्रकारों की समस्याओं का समाधान नही हो पा रहा है । वही दूसरी ओर समाचार संकलन मे भी उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकार लवकुश दुबे ने लेड़ियारी बाजार के कार्यालय मे हुई पत्रकार की एक बैठक मे सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण हेतु जिला स्तर पर प्रेस स्थायी समिति तथा तहसील स्तर पर समिति का गठन किया गया है ।

जिला प्रेस स्थायी समिति जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की देखरेख मे गठित भी हुआ ।वह तहसील स्तर पर एसडीएम कोरांव




सीओ के देखभाल मे गठित की गई थी ।लेकिन एक दशक बीत जाने के बाद भी कोई बैठक आयोजित न होने से पत्रकारों की समस्याओं का निदान नही हो पा रहा है ।

उन्होंने कहा कि पत्रकार की जिंदगी जोखिम भरी होती है ।वही अपराधियों का अपराधिक इतिहास वाहनों का बेहतरीन चलन प्रशासन व पुलिस के काले कारनामों की उजागर करता है जिसके कारण खतरा बना रहता है । ऐसे मे पत्रकारों को निःशुल्क चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, शस्त्र लाइसेंस प्रदान किया जाना वर्तमान समय मे अति आवश्यक है । पत्रकार समय न देखते हुए घटनास्थल तथा अन्य समस्याओं को दूर-दराज तक जाकर उजागर करता है ।

श्री दुबे ने कहा कि जिलाधिकारी व तहसील की हर तीसरे माह मे नियमित बैठक कराये जाने की मांग की है, ताकि समस्याओं तथा समाचार संकलन मे कोई असुविधा न हो अपेक्षा की है ।इस दौरान क्षेत्र के कई पत्रकार मौजूद रहे ।

# पेन खरीदने की बात कह कर घर से निकला प्रतियोगी छात्र लापता, मुकदमा दर्ज

**नैनी ( प्रयागराज )।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के मवैया गांव निवासी एक युवक पेन खरीदने की बात कह कर घर से निकला, वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन करने के बावजूद जब उसका पता नहीं चला, तो परिजनों के द्वारा थाने पर तहरीर दी गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच-पड़ताल कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के मवैया गांव निवासी करन निषाद (18) वर्षीय इंटर की परीक्षा पास करने के बाद नीट की तैयारी कर रहा था। बताते हैं, कि सोमवार की शाम को तकरीबन 7ः00 बजे वह पेन खरीदने की बात कह कर घर से निकला, उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों के द्वारा पहले तो उसकी काफी खोजबीन की गई, न मिलने पर पिता के द्वारा घटना की तहरीर संबंधित थाने को दी गई। उसका सुराग लगाने के लिए पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगला, तो वह पैदल ही जाते दिखाई पड़ा है। वह घर से कीपैड मोबाइल लेकर गया है, जिसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। इस बाबत औद्योगिक थाने के इंस्पेक्टर महेश मिश्रा ने बताया, कि घर वालों ने उसे डांट फटकार दिया था, जिसकी वजह से वह घर से निकल गया। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच- पड़ताल की जा रही है।

# आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई ईद

## मुल्क की खुशहाली, अमन-चैन के लिए मांगी गयी दुआ,एसडीएम व सीओ ने दी त्यौहार की मुबारकबाद





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा विकास खण्ड के अंतर्गत विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में गुरुवार को ईद उल फित्तर की नमाज अदा करने के लिए मोमिनों का सैलाब उमड़ पड़ा।इस दौरान मुल्क की सलामती की दुआ मांगी गई।शाही ईदगाह कड़ा में कड़ी सुरक्षा के बीच धूमधाम के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया।यहाँ शाही पेश इमाम सफीक अहमद ने नमाज अदा कराई। इस दौरान अकीदतमंदों ने मुल्क की खुशहाली, अमन-चौन के लिए परवर दिगार से दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर त्यौहार की मुबारकबाद दी। बच्चों में त्यौहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उपजिलाधिकारी सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा, थानाध्यक्ष कड़ाधाम आशुतोष सिंह सहित पूरा प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा।

### सराय अकिल में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ ईद की नमाज

सराय अकिल, कौशाम्बी। नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में ईद की नमाज के बाद लोगों ने देश अमन चैन की दुआ मांगी पुलिस प्रशासन सभी मस्जिदों में तैनात रहे।

बता दे सराय अकिल कस्बे में बृहस्पतिवार को नवाज के बाद लोगों ने गले मिलकर ईद की बधाई दी और देश अमन चौन की दुआ मांगी पुलिस प्रशासन सुबह से ही मस्जिदों तैनात हो गए इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने सभी मस्जिद का निरीक्षण किया नवाज के बाद छोटे-छोटे बच्चों ने गले मिलकर ईद की बधाइयां दी शांतिपूर्वक ईद की नमाज संपन्न हुआ तैनात सिपाही हेड कांस्टेबल अंकुर तिवारी निखिल भूपेंद्र बलराम शिव बाबू आदि कई सिपाही मौजूद रहे।

### आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई ईद

सिराथू, कौशाम्बी। ईद उल फित्तर का त्योहार जिले में हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया । क्षेत्र के विभिन्न गांव में स्थित ईदगाह में नमाज अदा की गई जहां नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और मुल्क की तरक्की-खुशहाली और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। ईदुल फित्तर के मौके पर गुरुवार की सुबह साढ़े सात बजे नमाज शुरू हो गई थी। वहीं ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा की गई ईद के नमाज के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला शाम तक जारी रहा।

### ईद की नमाज को लेकर एसडीएम, सीओ ने भ्रमण कर लिया जायजा

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र में ईद के पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहे । वही एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवस्ताव व क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा पुलिस बल के साथ सिराथू , अजुहा , परास, कड़ा, देवीगंज, सैनी , जगन्नाथपुर सहित विभिन्न गांव में ईदगाह व मस्जिदों का भ्रमण कर क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण मस्जिदों में जाकर नमाज को लेकर की जाने वाली तैयारियों का जायजा लिया। वही क्षेत्र में कड़ा धाम थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह व सैनी थानाध्यक्ष जयचंद्र शर्मा मयफोर्स के साथ क्षेत्र में मुस्तैद रहे।

### भरवारी में आपसी भाई चारे के साथ मनाई गई ईद

भरवारी, कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित ईदगाह में सैंकड़ों कि संख्या में अकीदत के साथ ईद की नमाज पढ़ी गई और एक दूसरे को गले लगा कर बधाई दी गई। इस मौके पर सर्वधर्म समभाव देखने को मिला और सभी लोगों ने एक दूसरे को माला पहनाकर,फूल देकर और गले लग कर एक दूसरे को ईद की बधाई दी गई। ईद की नवाज के बाद ईद की बधाई देने पहुंचे पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार, गुलाम हुसैन पार्षद मोहम्मद हुसैन अतीक अहमद अनीश चाचा मोइन भाई आदि लोग मौजूद रहे। ईद की बधाई देने वालो में पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी, कांग्रेस नेता मो0 शाहिद सिद्दीकी, कांग्रेस के एआईसीसी मेंबर तमजीद अहमद, पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद केसरवानी उर्फ काले भाई,सपा जिला महासचिव गुलाम हुसैन, प्रेम नारायण केसरवानी उर्फकलेक्टर , महबूब आलम सज्जू, श्रीकिशन,पूर्व सभासद विनोद केसरवानी , तसलीम अहमद, मोहम्मद रजा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### ईदगाह मे अकीदत से अदा हुई ईद की नमाज

गुलामीपुर, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के झंडापुर गांव में रोजेदारों का आखिरकार वो वक्त आ गया जिसका बेसब्री से इंतजार था। गुरुवार को ईद फित्र अजहा की धूम रही। सुबह होते ही गांव के लोग नमाज के लिए नहाकर नए- नए लिबास पहन कर ईदगाह, और मस्जिदों के लिए निकल पड़े। मौलाना असलम ने सुबह 8रू30 बजे ईदगाह मे एकत्रित हुए गांव के लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। मुल्क की तरक्की, बेहतरी आपसी भाई चारे कायम रखने के लिए दुआ की गई। दुआ के बाद सलातौ-सलाम पढ़ा गया। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। क्षेत्र के शहजादपुर, गुलामीपुर नंदमई, मनमऊ, खोरांव के ईदगाह में पहुंच कर शांति पूर्व नमाज अदा की गई नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इसी तरह विकास खंड कड़ा के परास गांव में ईदगाह में नमाज अदा की गई जहां बड़े , बूढ़े सहित बच्चो ने भी नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलते हुए ईद की मुबारक वाद दिया।

## जिला प्रशासन पर्व पर रहा अलर्ट

**कौशाम्बी।** जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं ईद की नमाज के दृष्टिगत जिलाधिकारी कौशाम्बी, पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, उपजिलाधिकारी मंझनपुर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं समस्त थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुलिस बल के साथ निरंतर भ्रमणशील रहकर सतर्क निगरानी करते हुए धार्मिक स्थलों के आस पास चेकिंग कर ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई एवं जनपद में लोगों द्वारा ईद की नमाज सकुशल अदा की गयी तथा एक दूसरे को मुबारकबाद बधाई दी गयी।

### मुल्क की खुशहाली, अमन-चैन के लिए मांगी गयी दुआ

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ा विकास खण्ड के अंतर्गत विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में गुरुवार को ईद उल फित्तर की नमाज अदा करने के लिए मोमिनों का सैलाब उमड़ पड़ा।इस दौरान मुल्क की सलामती की दुआ मांगी गई।शाही ईदगाह कड़ा में कड़ी सुरक्षा के बीच धूमधाम के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया।यहाँ शाही पेश इमाम सफीक अहमद ने नमाज अदा कराई। इस दौरान अकीदतमंदों ने मुल्क की खुशहाली, अमन-चौन के लिए परवर दिगार से दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर त्यौहार की मुबारकबाद दी। बच्चों में त्यौहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उपजिलाधिकारी सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा, थानाध्यक्ष कड़ाधाम आशुतोष सिंह सहित पूरा प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा।

## करारी में सकुशल सम्पन्न हुई ईद उल फितर की नमाज

**करारी, कौशाम्बी।** आज ईद गाह और मस्जिद में ईद उल फित्र की नमाज अदा कर मुल्क के लिए अमन चौन की दुआ मांगी गयी !वहीं एक दोस्त दूसरे दोस्त से और एक दुशमन दूसरे दुशमन से ईद के पर्व पर गले मिलकर पुराने गिले शिकवे खत्म कर दिए गए।गौरतलब है कि मुस्लिम समुदायों के लोगों ने एक माह के रमजान में रोजा रख कर खूब इबादत, रियाजत कर गरीबों की मदद की वहीं गुरुवार ( जुमेरात ) को शाम में ईद का चाँद देखा गया जिसमे सभी लोगों में ईद की खुशी आगई वहीं रमजान के जाने का गम भी खैर सभी लोगों ने जुमेरात के लिए शान व शौकत से ईद की तैयारी में जुट गए !शांति व्यवस्था के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात हो गयी और सुबह शांति पूर्वक ढंग से सुबह नया गंज में मस्जिद ए रहमान में मुफ्ती अब्दुल रहमान कादरी ने 7रू30 बजे ईद की नमाज अदा किया गया !वहीं किला पर मस्जिद में किंग नगर स्थित किला पर में सुबह 7रू45बजे ईद की नमाज अदा की गयी इसी के साथ सुबह 8बजे ईद गाह में कारी कमाल उद्दीन के द्वारा ईद की नमाज अदा कर हजारों मुस्लिम लोगों ने शांति पूर्वक ढंग से ईद की नमाज अदा की गयी !इसी तरह अमीन पुरसँवरों, पिंडरा रकसवारा, असाडा, महावा आदि जगह शांति के साथ सुबह 9बजे से पहले हर जगह नमाज अदा कर फिलिस्तीन व भारत देश में शांति और अमन की दुआ मांगी गयी !इस मौके पर डी एम. एसपी, सीओ, एस डी एम सहित जिले की फोर्स तैनात रही जहाँ कहीं भी कुछ भी बात सामने नहीं आई और शांति पूर्वक तरीके से नमाज अदा की गयी।

### नए कपडे और सेवैयाँ की रही धूम

**करारी, कौशाम्बी।** ईद के पर्व पर सभी घर में खुशी के मौके पर सेवैयाँ बनाई गयी और उस पर फातेहा पढ़ा गया। इसी के साथ दामलु, छोला, दही बरा, पुलाव, बिरयानी आदि मीठे पकवान के साथ साथ नए नए कपडे बनवाए गए। सभी लोग एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारक बाद दी। सबके घर जाकर सेवैयाँ खाकर खुशी में शामिल हुए। बच्चों ने भी चाट, चाउमीन और झूला झूलकर ईद का त्यौहार की खुशी मनाई।

### नगर अध्यक्ष ने ईद की दी मुबारकबाद

कड़ा, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम की अध्यक्षा रागिनी देवी ने गुरुवार को नगर वासियों को ईद के त्यौहार की मुबारकबाद दी।उन्होंने त्यौहार के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों के घरों पर जाकर उनसे मुलाकात की और त्यौहार की मुबारकबाद दी।इस मौके पर अरुण केशरवानी, शोएब खान, कामरान खान, नौशाद अहमद, रूमी खान, वहीद अहमद, नूर मोहम्मद, श्यामू अग्रहरि, सोनू मोदनवाल, बच्चा केशरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## मिट्टी खुदाई का विवाद, दो पक्षों में मारपीट, घायलों में एक की हालत गंभीर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के गुरौली चौकी अंतर्गत बेरौचा गांव में गुरुवार को मिट्टी खोदने को लेकर दो पक्षों आपस में भिड़ गए। इस दौरान मारपीट में दोनों पक्ष के लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी कनैली लाए। जहां एक पक्ष के हालात नाजुक हैं इसलिए उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। एक पक्ष के पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।भुखन केवट की पत्नी कल्पना देवी ने दूसरे पक्ष पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बेरौंचा निवासी भुखन केवट और उसका बेटा अपने घर के पीछे नाला से मिट्टी खोद रहे थे। तभी वलवन्त केवट की पत्नी रानी देवी ने नाला से मिट्टी खोदने का विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने के दौरान रानी देवी ने अपने पति और तीन देवर के साथ मिलकर भुखन केवट,सुशील,पिन्टू, के साथ मारपीट कर दी। बचाव के लिए भुखन के दादा राजाराम केवट, रामलाल पहुंचे तो दोनो पक्ष ने एक दूसरे पर लाठी-डंडो पत्थर से हमला। इसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हो गए। सूचना पर इलाका पुलिस पहुंच गई। पुलिस घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली लेकर पहुंची। यहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इधर,भुखन केवट की पत्नी कल्पना देवी आरोप लगाया कि उसके पति को और बेटा के साथ बलवन्त केवट,मदन केवट,कमलेश , ओमप्रकाश केवट,रानी देवी ने मारपीट की है। सूचना पर थाना कौशाम्बी सहित गुरौली चौकी प्रभारी मय फोर्स के साथ पहुंची मामले को शांत करा कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया वही चौकी प्रभारी विमल कुमार ने कहा कि नाला में मिट्टी खोदने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ है। मामले की जांच पड़ताल करने के साथ ही कार्रवाई की जाएगी।

## मार्ग हादसे में घायल युवक की रिश्तेदार के घर में संदिग्ध दशा में मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में मार्ग हादसे में घायल युवक की रिश्तेदार के घर संदिग्ध दशा में मौत हो गई , हादसे की खबर पर परिजनों ने कोहराम मच , मृतक के भाई ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्यवाही की मांग की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कोरूं निवासी हरिश्चंद्र पुत्र राम खेलावन ने गुरुवार को कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसका भाई संजय कुमार मौर्य बुधवार को फतेहपुर जनपद के कसेरुवा गांव में रिश्तेदारी में सगाई कार्यक्रम में गया था , कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद उसका भाई संजय अप्पे लेकर वापस घर के लिए लौट रहा था जैसे ही वह कड़ा धाम थाना क्षेत्र के फरीदगंज के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई ,जिसमे चालक संजय सहित बैठे लोग जख्मी हो गए । जिसके बाद सभी लोग सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर का मजरा चकिया पहुंचे जहां घायलों को प्राथमिक उपचार कराया गया , वही उसके भाई संजय कुमार की गुरुवार की सुबह संदिग्ध दशा में मौत हो गई , भाई की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया , हरिश्चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जांच पड़ताल ने जुट गई है । मृतक तीन भाइयों में हरिश्चंद्र , नत्थू मौर्य में सबसे छोटा है । मृतक की पत्नी चार साल पहले छोड़ कर चली गई है।

## दिनदहाड़े मोबाइल रिपेयरिंग दुकान से लैपटाप चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के काजू गांव स्थित भरवारी रोड पर बुधवार दिनदहाड़े चोरों ने मोबाइल रिपेयरिंग की दूकान से स्टैंड समेत लैपटाप पार कर दिया।

भुक्तभोगी ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई।काजू गांव निवासी अवधेश कुमार पुत्र राम खेलावन ने चरवा कोतवाली से दो सौ मीटर दूर भरवारी रोड काजू में अपने घर के अगले हिस्से में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान खोल रखी है। बुधवार सुबह वह दुकान खुली छोड़ काम से घर के अंदर चला गया। अवधेश के अनुसार इसी बीच चोरों ने दुकान में रखा स्टैंड समेत लैपटाप पार कर दिया। थोड़ी देर बाद दुकान से लैपटाप गायब देख उसके होश उड़ गए। उसने आस पास पूछताछ कर काफी खोजबीन की। सुराग न लगने पर उसने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

## महिला को दी जान से मारने की धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के चरवा खुर्द की मेड़िया देवी ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह मजदूरी कर किसी तरह गुजारा करती है।

बुधवार शाम वह घर के बाहर काम कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस के दो सगे भाई वहां पहुंचे और उसका लगाया पेड़ उखाड़ कर फेंक दिया। विरोध करने पर वह गाली गलौज कर उसे घर से भगाने लगे। आरोप है कि घर छोड़कर न जाने पर उन्होंने महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी भाईयों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

## जीर्ण शीर्ण नक्शे का विवरण उपलब्ध कराए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायतों में नक्शा जीर्ण शीर्ण होने के चलते लोगो को समस्याओ का सामना करना पड़ता है , जनपद ने अधिकतर गांव में काफी पुराने हो चुके नक्शों का दुरस्तीकरण नही किया गया , जिलाधिकारी राजेश कुमार रॉय ने जनपद के तीनो एसडीएम को पत्र भेजकर बताया की ऐसे गांव जिनका मैप उपलब्ध है , जीर्ण शीर्ण है अथवा उपलब्ध नहीं है ऐसे गांव को चिन्हित कर विवरण उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया है । एसडीएम ने तहसीलदार को सूचना नियत प्रारूप पर उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया है।

## युवक को घर पर चढ़कर हमलावरों ने पीटकर किया घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में बुधवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर हमलावरो ने घर पर चढ़कर युवक को जमकर पीट दिया। इससे उसको काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी है।बलीपुर टाटा गांव निवासी रत्नेश त्रिपाठी पुत्र अभिमन्यु त्रिपाठी ने बताया कि उसका पड़ोसी युवक से पुराना विवाद चल रहा है। बुधवार शाम वह गांव के चौराहे पर बैठा था।आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी युवक अपने साथियो संग वहां शराब के नशे में पहुंचा और उससे अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर वह गाली गलौज कर धमकी देने लगे। इससे युवक वहां से अपने घर चला आया। आरोप है कि थोड़ी देर वह सभी लाठी, डंडा और कट्टा से लैस दो बाइक में सवार होकर उसके घर पहुंच गए। उन्होने गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसको पिटता देख बीच बचाव करने पहुंचें लोगों को आता देख आरोपी युवक बाइक छोड़ जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। घायल युवक ने डायल 112 पुलिस को फोनकर घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो बाइक को थाने उठा लाई। घायल युवक ने तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मृत्यु भोज का बहिष्कार करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** चायल क्षेत्र के जानकीपुर गांव निवासी समाज सेवी कृष्ण कुमार पटेल उर्फभोंदल का विगत दिनों निधन हो गया था। समाजसेवी प्रीतम पटेल व सदस्य जिला पंचायत नेपाल सिंह पटेल की पहल पर स्व.कृष्ण कुमार पटेल के बड़े बेटे ने अपने दिवंगत पिता की मृत्युभोज यानि तेरहवीं नहीं करने का निर्णय लिया।इस दौरान परिवार के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त किया। कुर्मी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल ने समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने पर ज्यादा जोर दिया। उन्होंने कहा कि मृत्यु भोज के साथ साथ समाज की तमाम बुराइयों को खत्म कर के ही समाज का भला हो सकता है। समाज सेवी कुशल पटेल ने उपस्थित लोगों से मृत्युभोज यानी तेरहवीं संस्कार एवं समाज में व्याप्त पाखंडवादी व्यवस्था,अंधविश्वास एवं कुरीतियों के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को ऐसी व्यवस्था को अविलंब बन्द करने पर जोर दिया। लोगों को अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। समाज सेवी प्रीतम पटेल ने कहा कि मृत्यु भोज उत्सव एक पशुवत प्रवृत्ति है। यह समाज के ऊपर एक आर्थिक बोझ है। इसे हमारे समाज के लोग झूठी शान बढ़ाने के लिए भारी मात्रा में कर्ज लेकर हजारों लोगों को पकवान खिलाने का दिखावा करते हैं। जबकि अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए, फीस भरने के लिए, किताब खरीदने के लिए, ड्रेस खरीदने के लिए, अच्छे स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए उनके पास पैसे नहीं होते हैं।वरिष्ठ समाजसेवी रमाकान्त सिंह पटेल ने मृत्यु भोज उत्सव मनाए जाने पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि मृत्युभोज जैसी कुरीतियाँ समाज के लिए आर्थिक बोझ ही नहीं बल्कि घोर अभिशाप है। विगत दिनों समाज सेवी प्रीतम पटेल के पिता का भी निधन हुआ था जिसमें प्रीतम पटेल ने भी अपने दिवंगत पिता की तेरहवीं यानी मृत्युभोज न करके एक बड़ा संदेश समाज को दिया और समाज में फैली इस कुरीति का बहिष्कार अपने घर से प्रारंभ किये थे। सदस्य जिला पंचायत नेपाल सिंह पटेल ने कहा कि समाज के बच्चे जब शिक्षित होंगे तो अपने आप कुरीति खत्म होगी और श्रद्धांजलि सभा में लोगों से अपील किया कि तेरहवीं के साथ साथ समाज में तमाम व्याप्त कुरीतियों को भी खत्म करना चाहिए जिससे समाज आगे बढ़ सके।इस दौरान अमित सिंह पटेल पूर्व ब्लाक प्रमुख, इंजीनियर राजेन्द्र सिंह पटेल ,अनिरुद्ध सिंह पटेल ,मान सिंह पटेल,सोम सिंह पटेल ,गुड्डुन बीडीसी, सम्भूनाथ पटेल,सन्त लाल पटेल,सुभाष पटेल,अरुण पटेल,दरियाव सिंह पटेल,विजय सिंह ,अनूप पटेल, मुलुक सिंह पटेल,समर जीत पटेल,चन्द्र शेखर सिंह,स्वप्न कुमार पटेल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।



## दारानगर में आयोजित शतचण्डी महायज्ञ के तीसरे दीन दी गई आहूतियां



**सैनी, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के दारानगर कस्बे के महादेव मंदिर के ठीक सामने चल रहे शतचण्डी महायज्ञ के तीसरे दिन गुरुवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वामी गोपालाचार्य जी महराज द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों के अंतर्गत यथाक्रम मंडप पूजन, गणेश पूजन, षोडश मातृ पूजन, नवगृह पूजन, वास्तु पूजन, अग्नि पूजन, 52 भैरव व 64 योगिनी पूजन कराया गया। यजमानों ने दशोविधि स्नान कर मंडप पूजन किया। शतचण्डी महायज्ञ के अंतर्गत मंदिर में दो चरणों में यज्ञ का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। यजमानों की ओर से पंडितों के सानिध्य में दुर्गा सप्तशती के 20 पाठ के साथ यज्ञ में आहूतियां दी गई। तीसरे दिन की शाम तक दुर्गा सप्तशती के कुल 60 पाठ किए गए।तीन मुख्य यजमान इस शत चण्डी महायज्ञ में हैं।इनके अलावा एक दिवसीय यजमान के रूप में सोमेश्वर तिवारी डीजीसी क्रिमिनल, मनीष मोदनवाल ने अपनी पत्नी के साथ यज्ञ में विधि विधान से पूजन अर्चन किया। साथ में चल रही श्रीमद भागवत देवी महापुराण की कथा में कथाव्यास डॉ0 कृष्ण देवाचार्य ने बताया कि माता-पिता की सेवा करना ही सच्ची सेवा है कितनी ही विपरीत परिस्थिति क्यों न आ जाएं, जीवन में सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि देवी भगवती जगत की मां हैं, जो भी मां की शरण में आता है उसका कल्याण होता है। उन्होंने कहा पति-पत्नी को कभी भी लड़ना नहीं चाहिए। दोनों ही जीवन के दो पहिए हैं। दोनों को मिल-जुलकर जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने देवी के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन किया। कहा कि देवी सर्वशक्तिमान है। जब जब धरती पर पाप बढ़े हैं मां भगवती ने अलग-अलग रूपों में अवतार लिया। कई लोग बुढ़ापे में माता-पिता को वृद्ध आश्रम में छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों को अनेक जन्मों में घोर दुख भोगने पड़ते हैं। मां भगवती भक्तों को सांसारिक सुखों के साथ-साथ मोक्ष प्रदान करने वाली है।विशेष आरती के साथ तृतीय दिवस की कथा का समापन हुआ।

# ईद मोहब्बत व नेकी के साथ भाईचारे की मिसाल-प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने जश्न ए ईद पर जगह जगह सौंपी मुबारकबाद



लालगंज प्रतापगढ़। ईद पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अलसुबह से देर शाम तक विभिन्न ईदगाहों तथा जलसो में पहुंचकर मुबारकबाद सौंपी। उन्होने त्यौहार पर बडे बुजुर्गो को गले लगाया, बच्चों को दुलारा पुचकारा और जलसो में भाईचारे का पैगाम सौंपा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अझारा, खालसा सादात, खानापटटी में सुबह ईद की नमाज अदा होने के बाद लोगों को स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की तरफ से भी खुशियों के त्यौहार को मुल्क में मोहब्बत तथा आपसी एकता के लिए दिली मुबारकबाद सौंपी। उन्होंने ईद की खुशी में कई जगह बच्चों को अपनी तरफ से आइसक्रीम भी खिलवाई। बच्चे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता का दुलार पाकर चहक उठे दिखे। जश्न ए ईद पर ईदगाहों पर मौलानाओं ने भी प्रमोद तिवारी को गुलाब के फूल तथा इत्र व सिर पर हाथ रखते हुए इलाकाई तरक्की के लिए खूबसूरत दुआएं भी दी। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने ईद पर शुकुलपुर, जलेशरगंज, रामपुर बावली आदि कई जगह हुए जलसो मे बोलते हुए कहा कि ईद मोहब्बत व नेकी के बरक्कत की खुशी का पैगाम है। उन्होंने कहा कि ईद खुशियों की महक में हमें यह रास्ता दिखलाती है कि इंसान को हर समय जुल्म व अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलन्द रखनी चाहिए। उन्होनें कहा कि नेकी का वसूल यही है कि तरक्की के माहौल के साथ जरूरतमंद की मदद दिली जज्बात में हो। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ईद उल फितर की खुशी दूसरों को ज्यादा से ज्यादा खुशी देने की अल्लाह की ओर से ईद का ईनाम हुआ करती है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि बुराई से परहेज करते हुए रोजा रखने के बाद ईद का मतलब किसी निर्धन और फकीर की मदद का फितरा है। प्रमोद तिवारी ने लोगों से कहा कि हमारा ईमान वतनपरस्ती की खूबसूरती है और यही वतनपरस्ती दुनिया भर में हिन्दुस्तान की ईद की खुशी को चार चांद लगाया करती है। इसके अलावा श्री तिवारी क्षेत्र के दीवानगंज, अठेहा, सेमरा, पिंजरी, मसनी, उमरार, कुम्भीआइमा, करीमनपुर, नसीरपुर, रेहुआ लालगंज, राहाटीकर में भी लोगों से ईद पर मुलाकात कर जश्न ए ईद की खुशी का इजहार करते दिखे। इस मौके पर हजरत मौलाना रहमानी मियां, शाही इमाम मो. ईसा, मौलाना मोहम्मद अली, हाफिज कयूम, हैदर खान, सभासद शेरू खां, डा. वकील अहमद, दानिश खां, परवाना प्रतापगढ़ी, वसीम खां, जियाउल, जाहिद, आसिफ खां, निसार अहमद, मो. असलम, जर्रार खां, नन्हें खां, आसिफ सिददीकी, निजाम असरद, आजाद, इरशाद, इरफान खान, इं. अमित सिंह, अशोक सिंह बब्लू, संतोष द्विवेदी, भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ. अमिताभ शुक्ल, छोटेलाल सरोज, राजकुमार मिश्र, दिनेश सिंह, धर्मपाल गौतम, प्रियम मिश्र, आदि रहे।



## ईद पर सेंवई की दिखी मिठास, मेले में हुई खरीददारी



लालगंज-प्रतापगढ़। ईद के त्यौहार पर लोगों ने मुबारकबाद के साथ सेंवई का भी जायका लिया। सुबह अकीदतमंद इलाके के विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में जमा हुए। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद सौंपी। दोपहर बाद से लोगों का एक दूसरे के घरों में पहुंचकर खुशियों को साझा करने का सिलसिला शुरू हुआ। सेंवई व मिठाई का जायका लेते हुए इत्र व गुलाब से मुबारकबाद की मिठास दिखी। लालगंज टाउन एरिया क्षेत्र में नगर पंचायत की ओर से ईदगाहों व मस्जिदों पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी की देखरेख में लोगों के लिए पीने के पानी व मिठाई का बेहतरीन बन्दोबस्त दिखा। इधर ईद को लेकर प्रशासनिक अमला भी मस्जिदों व ईदगाहों के साथ चौक तिराहे पर मुस्तैद नजर आया। ईदगाहों में लोगों ने नमाज अता करने के बाद बच्चों को मिठाईयां खिलाई और फकीरों को जकात भी सौंपी। लालगंज नगर पंचायत के अझारा, बाजार खास, खानापटटी, खालसा सादात में ईद पर सुबह नमाज अता हुई। वहीं एसडीएम प्रवीण कुमार द्विवेदी तथा सीओ रामसूरत सोनकर व तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भ्रमण कर प्रशासनिक प्रबन्धों की देखरेख में दिखे। तहसील के डीह मेंहदी, ढ़िगवस, सगरा सुंदरपुर, बरिस्ता, जलेशरगंज, रामपुर बावली, रानीगंज कैथौला, बरीबोझ, उदयपुर, अठेहा, कुम्भीआइमा, दीवानगंज, शुकुलपुर आदि जगहों पर ईद का जश्न नजर आया। ईदगाहों के समीप लगे मेले में लोगों को मिठाई तथा सेंवई की खरीददारी में भी मगन देखा गया।

## आक्रोश के बीच पीएम के लिए गया मां-बेटी का शव, अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस



लालगंज-प्रतापगढ़। बोलेरो की चपेट में मां बेटी की मौके पर हुई दर्दनाक मौत को लेकर घटना के दूसरे दिन गुरूवार को भी परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल दिखा। घण्टों प्रशासनिक मानमनौवल के बाद सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पुलिस मृतका व उसकी बेटी का शव पीएम के लिए भेजवा सकी। लालगंज कोतवाली के पुरवारा गांव में अवधेश सरोज की पत्नी गुडडी उर्फ टड़हिन 50 बेटी काजल 18 के साथ गेहूं की कटाई करके खेत से घर वापस आ रही थी। गांव के समीप अचानक तीव्र गति से आ रही एक बोलेरो ने मां बेटी को रौंद डाला। दुर्घटना में एक साथ मां बेटी की दर्दनाक मौत देख परिजन सहम उठे। मृतका की तीन निराश्रित बेटियों कोमल, अलका पूरी तरह बदहवाश हो उठी। मृतका गुडडी का पति अवधेश मुरादाबाद में परिवार के भरणपोषण के लिए प्राइवेट जॉब किया करता है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पीएम के लिए भेजवाने का प्रयास करने लगी। हादसे से बदहवाश मृतका की बेटियों ने दरोगा से चीख चीख कर कहा अब वह किसके सहारे रहेंगी। बेटियों की एक ही रट थी कि पहले बहन और मां के मौत के जिम्मेदार चालक को पुलिस गिरफ्तार करे। घर के जिम्मेदारों ने भी अवधेश के गांव पहुंचने तक शव को पीएम के लिए भेजवाये जाने से मना कर दिया। गुरूवार की सुबह अवधेश घर पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित सुबह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों व परिजनों का आक्रोश फिर पनप उठा। काफी समझाने बुझाने के बाद मृतका के पति अवधेश की तरफ से डीएम को संबोधित ज्ञापन कोतवाल ने लिया। ज्ञापन में सरकार से आरोपी चालक की फौरन गिरफ्तारी तथा तीन निराश्रित बेटियों के जीवन यापन के लिए पैंतालिस लाख व परिवार के भरण पोषण के लिए दस लाख की सरकारी सहायता की मांग रखी गयी है। वहीं तीनों पुत्रियों के लिए सरकार की ओर से निशुल्क शिक्षा व गरीब परिवार के भरण पोषण के लिए तीन बीघे जमीन पटटे आवंटन की भी मांग उठायी गयी है। पीड़ित की मांग का समर्थन करने के लिए ग्रामीण भी जुटे दिखे। प्रधान रमाशंकर, अजय सरोज, प्रभात तिवारी, अरविंद सरोज, सोनू व सुनील आदि ने सरकार से पीड़ित को मदद की गुहार की है। इसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए रजामंदी दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। वहीं घटना को लेकर मृतका गुडडी के पति अवधेश सरोज पुत्र मेडई की ओर से तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है।

## घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड़ को लेकर केस

लालगंज-प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट तथा गालीगलौज व तोडफोड को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के राजा का पुरवा बरीबोझ निवासी संजय पटेल की पत्नी नीशा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ अप्रैल को शाम साढे सात बजे वह घरेलू कामकाज कर रही थी। इस बीच गांव के आरोपी देशराज पुत्र वृन्दा वर्मा गाली देते हुए उसके घर घुस आये। आरोपी ने पीड़िता व परिजनो को मारापीटा। मारपीट में ननद सूर्यकली, सास फूलकली को गंभीर चोटें आ गयी। शोर मचाने पर आरोपी ने पीडिता का बर्तन आदि तोडकर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी देशराज के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## श्रीराम का चरित्र है लोक मर्यादा का अलंकरण-पं. संतोष भूषण जी



लालगंज-प्रतापगढ़। खजुरी स्थित काली माता मन्दिर के परिसर में सामूहिक संगीतमयी श्रीराम कथा में श्रद्धालु कथाश्रवण को लेकर भावविभोर दिखे। कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे सनातन धर्म प्रचार महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. सन्तोष भूषण पाण्डेय ने कहा कि श्रीराम का अनुपम चरित्र लोक मर्यादा का अलंकरण है। उन्होनें कहा कि कलिकाल में श्रीराम नाम का मंत्र ही समस्त सुखों के लिए फलदायी हुआ करता है। कथाव्यास संतोष भूषण जी ने कहा कि मनुष्य जन्म लेने के बाद वैभव और सम्पदा के वशीभूत हो जाया करता है। ऐसे में वह भगवान का स्मरण तथा उनके नाम का जप करने में समय के अभाव का सहारा लेने लगता है। उन्होने कहा कि भगवान की आराधना सुख के समय भी श्रद्धा के साथ हुआ करती है तो वहां दुख कभी भी अपनी अनुभूति नही करा सकता। कथाव्यास पं. संतोष भूषण जी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने संसार को सुख तथा धर्म के साथ निर्भय जीवन के लिए अनुपम तपस्या के लोकावतार में शाश्वत मार्गदर्शन प्रदान कर रखा है। मानस की सुमधुर चौपाईयों को प्रस्तुत करते हुए उन्होने श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के अदभुत ऐश्वर्य का बोध कराया। कथा के संयोजक सुरेन्द्र संगीतकार ने कथावाचक संतोष भूषण पाण्डेय जी का श्रद्धालुओं की ओर से अभिषेक किया। मुख्य यजमान पं. श्यामकिशोर मिश्र नगरहा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन सागर तिवारी ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान ज्ञानप्रकाश पाण्डेय, संगमलाल दुबे, अनिल त्रिपाठी महेश, रामप्रकाश ओझा, सत्यप्रकाश पाण्डेय, रामकुमार सरोज, गंगापाल यादव, संत प्रसाद ओझा, पूर्व प्रधान मुन्ना पाण्डेय, विनोद पाण्डेय आदि रहे।

## आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी का केस

लालगंज-प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने जालसाजी तथा धोखाधडी एवं धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लखनऊ के आईआईएम रोड निवासी सुशांत वर्मा, नमितांश इण्टरप्राइजेज कंपनी का संचालन करते हैं। लालगंज के आरोपी राजन सिंह ने कंपनी से एक ट्रक में अटठाईस टन कोयला बीस मार्च को मंगवाया। कंपनी के कर्मी राहुल सिंह को ट्रक के साथ आरोपी ने दो दिनों तक कई भटठों पर दौड़ाया। इसके बाद बाइस मार्च को आरोपी ने एक ईट भटठे पर उसका कोयला उतरवा दिया।

इसके बाद आरोपी द्वारा कंपनी के कर्मी राहुल सिंह को एक बैंक ले गया। वहां आरोपी ने एक लाख रूपये का फर्जी आरटीजीएस राहुल को थमा दिया। आरोपी द्वारा राहुल को पांच लाख सत्तावन हजार रूपये दिया गया। बाद में आरटीजीएस व रूपये दोनों फर्जी पाये गये। सुशांत ने आरोपी से बात की तो आरोपी ने गाली देते हुए उसे शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजन सिंह के खिलाफ बुधवार की रात धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## मारपीट व धमकी को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

लालगंज-प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट व धमकी को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के शिवगढ़ मितई निवासी समीर की पत्नी अबरीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दस मार्च को सुबह सात बजे वह दरवाजे पर बैठी थी। तभी गांव के मो. ईसा पुत्र मो. सलीम तथा सलीम की पत्नी किस्मतुल व बेटी बबली तथा पुत्र मंजूर लाठी डण्डे से लैस होकर उसके दरवाजे आ धमके। आरोपियों ने मारपीट करते हुए गालीगलौज की। हमले मे पीड़िता के पिता मो. खालिद तथा मां आयशा को चोट लग गयी है। पिता मो. खालिद का हाथ टूट गया है। आरोपियो ने शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मो. ईसा समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पुरानी रंजिश में युवती को पीटा , मुकदमा दर्ज

उदयपुर प्रतापगढ़ स्थानीय थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासिनी कोमल मौर्य पुत्री राम चंद्र मौर्य ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि सोमवार दोपहर लगभग ग्यारह बजे घर पर कार्य कर रही थी। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर मँगरू यादव पुत्र स्व, प्रह्लाद यादव निवासी केसई का पुरवा राजापुर व 4 व्यक्ति अज्ञात लोग आकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे तथा मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे द्य हल्ला गुहार लगाने पर जानवर की चरही तोड़ दिया तथा घर का केबल काट दिया द्य जाते जाते जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए पुलिस ने मामले की जाँच कर गुरुवार को आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है

## नवरात्रि के तीसरे दिन माँ नायर देवी धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** नवरात्रि के तीसरे दिन क्षेत्र के सिद्ध देवीपीठ माँ नायर देवी धाम में दर्शन पूजन करने के लिए भोर से ही महिला,पुरुष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । दर्शन पूजन की व्यवस्था के लिए मंदिर परिसर समिति सचिव पंकज सिंह डेट रहे। बारी-बारी से महिला और पुरुष श्रद्धालु मां का दर्शन पूजन कर रहे थे ।द्य
आज गुरुवार का दिन होने के कारण दूरदुरैया करने के लिए भी महिलाओं की भारी भीड़ परिसर में उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत महेशगंज पुलिस और पीआरडी के महिला पुरुष जवान तैनात रहे।

## सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ निकले सांसद विनोद सोनकर

कुण्डा। गुरुवार को जनपद की सीमा पर सांसद विनोद सोनकर को कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया।

इसके बाद सैकड़ो गाड़ियों के काफिले से सांसद विनोद सोनकर ने रोड़ शो के माध्यम से अपनी मजबूत पकड़ दिखाई। जगह जगह कार्यकर्ताओं ने सांसद को फूल मालाओं से लाद दिया। कुण्डा नगर में कार्यकर्ता पैदल जिन्दाबाद करते हुए आगे चल रहे थे।

## सांसद ने मां ज्वाला देवी धाम मानिकपुर में किया दर्शन पूजन



कुण्डा प्रतापगढ़। कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने गुरुवार को मानिकपुर में माँ ज्वाला देवी मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके बाद नई बाजार में शंकर जी के मंदिर में दर्शन किया। मानिकपुर नगर पंचायत कार्यालय के पास बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया।

# टिकट मिलने के बाद सांसद का हुआ भव्य स्वागत

## मां शीतला के दर्शन पूजन कर प्रचार अभियान का किया आगाज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कौशाम्बी लोकसभा सीट से तीसरी बार चुनाव में टिकट मिलने के पश्चात कौशाम्बी आगमन पर सांसद विनोद सोनकर का लेहदरी पुल पर हजारों समर्थकों ने पंहुचकर माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात सांसद विनोद सोनकर 51वीं शक्तिपीठ मां शीतला के दरबार में पंहुचकर माथा टेका और पूजा अर्चना करने के पश्चात देवीगंज,सैनी,गुलामीपुर,कल्यानपुर के बाद मां शीतला सर्किट हाउस संयारा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए कहा कि भाई नरेंद्र मोदी के अभियान को तेज करना है। उनके द्वारा किए गए विकास एंव योजनाओं को जन जन तक पंहुचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जो भयमुक्त वातावरण बनाया है। योगी व मोदी सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार आवास विहीन लोगों पक्की छत प्रधानमंत्री योजना से दिया है।

साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना कन्या सुमंगला उज्ज्वला योजना आदि देकर लोगों को लाभ पंहुचाया है। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि यह परीक्षा की घड़ी है। इस समय देश के हित में काम करने वाले नरेंद्र मोदी के हांथो को मजबूत करने का समय आ गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्या ने कहा कि सभी लोग लोकसभा चुनाव में सबकुछ भूलकर भारी संख्या में भाजपा के पक्ष में वोट करें। जिससे प्रदेश व देश का विकास हो सके। इसके पश्चात सांसद विनोद सोनकर चाकवन,कोखराज व मूरतगंज में सांसद का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी धर्मराज मौर्य ,,अजय पांडे, अरविंद त्रिवेदी, जय सिंह पटेल ,कमल कुशवाहा, दिनेश पांडे, महेश लोधी, अशोक चौधरी, दुर्गेश गुप्ता, आर्यवीर ,दिलीप अग्रहरि भास्कर सिंह ,गुलाब कुशवाहा, पिंटू द्विवेदी ,केडी त्रिवेदी, नीतू कनौजिया धर्मेंद्र पटेल ,सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

### टिकट मिलने के बाद मां का आशीर्वाद लेने पहुंचे सांसद, समर्थकों ने पुष्पवर्षा कर किया गर्मजोशी के साथ स्वागत



**कड़ा, कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा हाईकमान ने लगातार तीसरी बार कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर पर अपना भरोसा जताया है।बुधवार को पार्टी द्वारा विनोद सोनकर के नाम की घोषणा होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।गुरूवार को जनपद आगमन पर समर्थकों ने सांसद का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।लेहदरी गंगा पुल पर सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सांसद विनोद सोनकर का स्वागत किया।इसी क्रम में नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम अध्यक्षा रागिनी देवी व चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी की अगुवाई में देवीगंज बाजार में भाजपा प्रत्यासी विनोद सोनकर का गर्मजोशी के साथ स्वागत सम्मान किया गया।इस दौरान समर्थकों ने फूल माला व अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा प्रत्यासी का स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं ने भाजपा प्रत्यासी के स्वागत में पुष्पवर्षा कर जीत की शुभकामनाएं दी।देवीगंज कस्बे से सांसद का काफिला शक्तिपीठ कड़ाधाम पहुंचा जहां उन्होंने पूरे विधिविधान के साथ मां कड़ावासिनी का पूजन अर्चन कर जीत का आशीर्वाद मांगा।सांसद ने संत मलूकदास चौराहे पर स्थित मलूकदास प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका भी आशीर्वाद लिया।इस दौरान समर्थकों में भारी उत्साह रहा।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्या, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, महेश सोनकर, रमेश अग्रहरि, प्रवेश केशरवानी, उमेश पटेल, नीरज साहू, श्यामू अग्रहरि, बृजेश विद्यार्थी, योगेंद्र सिंह, अजय शुक्ला, पुष्पेंद्र केशरवानी, उदय पांडेय, सप्तमी पंडा, राजीव पंडा, संजय मिश्रा, चन्द्रदत्त शुक्ला मौजूद रहें।

### विनोद सोनकर के जनपद आगमन पर जगह जगह हुआ स्वागत

सिराथू, कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर दो बार के सांसद विनोद सोनकर को पार्टी ने तीसरी बार कौशांबी संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाया है ,

विनोद सोनकर के नाम की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई , गुरुवार को विनोद सोनकर के जनपद आगमन पर लेहदरी, देवी गंज,

कड़ाधाम , सैनी सहित जगह जगह पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया , इस दौरान सांसद विनोद सोनकर ने मां शीतला के दरबार पहुंचे जहां पुरोहित ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया इस दौरान विनोद सोनकर ने मां शीतला के दरबार में मत्था टेक आशीर्वाद मांगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक चन्दन सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित मो0 शाहिद निवासी महमूदपुर मनौरी थाना पिपरी को मोहम्मदपुर पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा जा रहा है।

### पीड़िता अपहृता को किया गया सकुशल बरामद

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा पीड़िता/अपहृता को पावर हाउस तिराहा के पाससे सकुशल बरामद कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### दबंग कुनबे ने पुराने रंजिश में दम्पती का सिर फोड़ा, केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के कोटिया गांव में रंजिशन कुनबे ने लाठी डंडा से दंपती को पीट कर सिर फोड़ दिया। इससे वह लहूलुहान हो गए। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल दंपती ने थाने पहुंच तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। मामले में पुलिस बुधवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कोटिया गांव की मंजू देवी ने बताया कि उसका पति लक्ष्मण मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसका पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। एक अप्रैल शाम को वह पशुओं को चारा पानी देकर गोशाला से लौट रही थी। तभी रास्ते में जगमोहन पुत्र हिसाबे, आशीष, आयुष पुत्रगण जगमोहन व जगमोहन की पत्नी मंजू पुरानी रंजिश को लेकर उसे गाली गलौज करने लगे। मंजू के विरोध वह सभी लाठी डंडा से उसकी पिटाई करने लगे। पत्नी को पिटता देख बीच बचाव करने पहुंचे पति लक्ष्मण का भी डंडे से सिर फोड़ दिया। इससे दोनों लहूलुहान होकर तड़पने लगे। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल दंपति ने थाने में महिला समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल के बाद गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## राम जन्मोत्सव व हनुमान जयंती मानने को हुआ मंथन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय व जिले के पदाधिकारी ने गुरुवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में एक बैठक का आयोजन किया। इसमें प्रभु श्री राम के जन्मोत्स व हनुमान जयंती को धूमधाम से मनाने की कार्य योजना तैयार की गई। रामनवमी व हनुमान जयंती पर शोभा यात्रा भी निकल जाएगी। साथ ही अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिला मुख्यालय मंझनपुर में आयोजित बैठक में प्रांत कार्य समिति सदस्य मोहनलाल ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों को चाहिए कि व हिंदू समाज के लोगों को संगठित करे। जब हम संगठित होंगे तभी हिंदू समाज के लोगों की रक्षा मजबूती से कर सकेंगे। प्रांत विभाग उपाध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा कि 17 अप्रैल रामनवमी है इस दिन प्रभु राम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी प्रखंडों से शोभायात्रा निकल जाएगी। पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभी से प्रयास शुरू कर दें। जिला अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा कि राम जन्मोत्सव पर सभी मंदिरों में रामायण व हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित होगा। कार्यकर्ता व पदाधिकारी बढ़-चढ़के इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक का संचालन करते हुए जिला मंत्री नीलमणि ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद हिंदू राष्ट्रवाद पर आधारित एक भारतीय हिंदू संगठन है। वीएचपी की स्थापना 1964 में एमएस गोलवलकर और एसएस आप्टे ने स्वामी चिन्मयानंद के सहयोग से की थी। इसका घोषित उद्देश्य ष्हिंदू समाज को संगठित करना, समेकित करना और हिंदू धर्म की सेवा और रक्षा करनाष् है। बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल के जिला संयोजक विवेक जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष राम अभिलाष, कोषा अध्यक्ष नरेंद्र साहू, जिला गो रक्षा प्रमुख बजरंग रूपेंद्र शर्मा, जिला सहमंत्री राजेंद्र पाल, जिला सहमंत्री वेद प्रकाश, शशि कला, अनिल श्रीवास्तव, राजेश कुमार, मनोज कुमार, रिंकू केसरवानी नगर अध्यक्ष मंझनपुर, सीमा देवी, समर पटेल, जिला मीडिया प्रभारी, शैलेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### नवरात्रि पर कन्या पूजन के साथ किया प्रसाद वितरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खण्ड कौशाम्बी स्थिति कौशाम्बी खास में बना कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम जोटका कौशाम्बी के संस्थापक बाबा बुद्धन दास ने कन्या पूजन के बाद कन्याओं को प्रसाद वितरण का पूजा पाठ कार्यक्रम किया गया जिसमे तमाम भक्त जन नवरात्रि में पूजा पाठ के लिए नव दिन पाठ और सुबह शाम पूजा पाठ करते है।

## पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने किया एरिया डोमिनेशन







**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में थाना कोखराज के पुलिस बल द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया साथ ही मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोगों को निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु जागरूक किया तथा हिस्ट्रीशीटरो की चेकिंग की गई।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 व ईद के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना मंझनपुर, थाना कड़ाधाम एवं थाना संदीपनघाट के पुलिस बल द्वारा मणिपुर स्टेट आर्म्ड पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया तथा ईद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया साथ ही मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोगों को निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु जागरूक किया।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 10 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना कौशाम्बी से 04, थाना सैनी से 05) कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## सभासद ने अपने वॉर्ड के सफाई कर्मियों को ईद पर किया सम्मानित, दिए उपहार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर क्षेत्र के वॉर्ड 23 एपीजे अब्दुल कलाम नगर के सभासद मोहम्मद हुसैन उर्फ मुन्नान ने अपने वॉर्ड के सभी सफाई नायको, सफाई कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया स इस दौरान गुलाम हुसैन, सद्दाम सहित अन्य कई लोग रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 398 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1,000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया एवं 02 वाहनों को सीज किया गया।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने से गेहूं जलकर हुआ खाक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नारा, कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के चक गाँव के नर्मदा प्रसाद शुक्ल के खेत में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से दो बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया। गाँव के लोगो द्वारा फायर विभाग सूचित करने के बावजूद कोई नहीं आया। लोगों ने आग बुझाने में जी जान लगा दिया तब जाकर आग में काबू पाये। नारा चौकी प्रभारी मौके पर मौजूद रहे।

## कान्हा वेलफेयर सोसाइटी ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**☞ लखनऊ से आई चिकित्सकों की टीम ने मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की आयुर्वेदिक दवाइयां**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय से सटे ओसा चौराहा की कान्हा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गुरुवार को ओसा स्थित संस्था के कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दूर दराज गांवों से आए हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गई। गुरुवार को कान्हा वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से आयोजित इस शिविर में लखनऊ से आई हुई चिकित्सकों की टीम द्वारा टीम में आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर आशीष सिंह की मौजूदगी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दूर दराज व ग्रामीण अंचलों से आए हुए बीमार लोगों की आधुनिक मशीनों द्वारा जांच कर उन्हें आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रामराज शर्मा, सचिव गणेश प्रसाद मौर्य, कोषाध्यक्ष रवि शंकर विश्वकर्मा, संस्था के अध्यक्ष रामराज शर्मा ने बताया कि आगे भी संस्था द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क को स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर संस्था के सदस्यों द्वारा इस कार्य को पूरा करते हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी। संस्था के इस कार्य की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है।

## जमीनी विवाद में युवक को पीटकर किया घायल, अस्पताल में भर्ती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के औधन गांव में बुधवार की रात बाजार से घर लौट रहे युवक के ऊपर जमीनी विवाद में हमलावरों ने चाकू से जानलेवा हमला बोल दिया। जिसमें वह घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तो हमलावर भाग निकले।घायल की पत्नी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

संदीपन घाट थानाक्षेत्र के उजिहिनी गांव निवासी राज कुमार सरोज अपनी ससुराल औधन गांव में मकान बनाकर परिवार के साथ रहता है। उसकी पत्नी सुनीता ने बताया कि पति ने मेहनत मजदूरी से गांव में एक जमीन खरीदी थी। उसी को लेकर एक व्यक्ति से विवाद चल रहा है। आरोप है कि बुधवार को राजकुमार बाजार से पैदल ही घर लौट रहा था। इसी बीच रात करीब आठ बजे गांव के समीप कुछ लोगों ने उसके ऊपर चाकू से हमला बोल दिया। बचाव करते हुए उसने शोरगुल किया तो उस तरफ गांव के लोग भाग कर पहुंचे। लोगों को आता देख कर हमलावार वहां से भाग निकले। परिजन घायल को इलाज के लिए तिल्हापुर मोड़ के प्राइवेट अस्पताल ले गये। उसके बाद प्रयागराज के स्वरूप रानी कमला नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर है।घायल की पत्नी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। इस संबंध में पिपरी इंस्पेक्टर बृजेश कुमार करवरिया का कहना है कि जमीनी विवाद बताया जा रहा है। लेकिन पीड़ित परिवार ने किसी को नामित नहीं किया है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## समाजसेवियों ने टेढ़ीमोड़ में निःशुल्क प्याऊ की किया व्यवस्था




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** प्रचंड गर्मी में राहगीरों को सबसे ज्यादा समस्या पीने के पानी की होती है। आने जाने वाले लोग जब किसी चौराहे पर पहुंचते है उनकी निगाहें गले की प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी को ढूंढती है। राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए सिराथू के टेढ़ीमोड़ हाइवे में चौराहे पर पुल के नीचे शिव हनुमान मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट हिस्मापुर परसखी से जुड़े समाजसेवियों ने निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की है। जिससे इस रास्ते से आने जाने वाला कोई राहगीर बिना प्यासा न गुजरे। सभी के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की है। गुरुवार को इस प्याऊ का शुभारंभ किया है। इस मौके पर अमरीश पांडेय, अशोक पांडेय, जगदीश पांडेय, सुरजीत साहू, बबलू पांडेय, राजभुवन पांडेय, लवलीन केसरवानी, अरुण राज , सुभाष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## कौशाम्बी थाना क्षेत्र में एक ही रात को दो गांवों के घरों में हुई चोरी की घटना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र में बुधवार की रात्रि को बाबा का पुरवा में नागेंद्र दत्त पाण्डेय पुत्र रूद्रदेव पाण्डेय के घर में रात्रि को चौनर का ताला तोड़ एक बक्सा और एक अटैची चोर उठा ले गए उन्होंने कौशाम्बी थाना में शिकायती पत्र दिया जिसमे नेगेंद्रदत्त पाण्डेय ने बताया कि सोना चांदी के जेवरात सही लगभग डेढ़ लाख रुयाये का समान उठा ले गए सुबह जानकारी हुई तो गांव के कुछ दूरी गेहूं के खेत में बक्सा पड़ा देख 100 नंबर पर जानकारी दिया उसके बाद थाना कौशाम्बी में शिकायती पत्र दे कर सूचना दिया।उसी रात कौशाम्बी थाना क्षेत्र के मकदूमपुर ढोकसहा निवासी हंसराज प्रजापति पुत्र स्व.शिव मोहन प्रजापति ने थाना कौशाम्बी में शिकायती पत्र देते हुए कि दीवाल फांद कर घर में घुसकर एक बजे रात्रि को नशीला पदार्थ छिड़क कर चोरों ने सोने चांदी के गहनों के साथ साथ नगदी रुपए पार कर दिया ।वही थाना कौशाम्बी ने शिकायती पत्र लेते हुए मामले की जांच का आश्वासन दिया।

# चित्रकूट पुलिस ने किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलाशा



चित्रकूट-पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुये शस्त्र निर्माण करने वाले एक आरोपी को भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्धनिर्मित शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इस दौरान सूचना प्राप्त हुयी कि चुन्नीलाल यादव उर्फ वाणासुर ग्राम डण्डिया स्थित अपने आम के बाग में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री लगाये हुए है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष भरतकूप तथा उनकी टीम उस स्थान पर पहुँची। पुलिस टीम ने उस स्थान को चारों तरफ से घेर कर आम के बाम से चुन्नीलाल यादव उर्फ वाणासुर ग्राम डण्डिया मजरा पहरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 6 तमंचा, 3 अर्द्धनिर्मित तमंचा, 7 कारतूस, 1 लोहे की भट्ठी एवं शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण बरामद हुये। अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भरतकूप में आयुध अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक अजहर जमाल, बालकिशुन, मुख्य आरक्षी कल्लू खां, आरक्षी संदपी लोधी, सतीश यादव, शिवम मिश्रा, महिला आरक्षी दीपिका आदि मौजूद रहे।

## दिलदार टाइगर और शगुन पैलेस सेमीफाइनल में

प्रयागराज। दिलदार टाइगर और शगुन पैलेस ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर स्वर्गीय हाजी बदरुद्दीन खान एवं हाजी एखलाक खान स्मृति रसूलपुर प्रीमियर लीग (आरपीएल) क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में अटाला किंग्स ने 10 ओवर में 5 विकेट 70 रन (इमरान खान 44, रियाज़ 14, सूर्यांश 3/25) बनाये। जवाब में दिलदार टाइगर ने 8.5 ओवर में 8 विकेट 72 रन (साजिद खान 17 नाबाद, अली 17, रौनक 3/15, संजय शर्मा 2/05, इमरान खान 2/27) बना लिए। दूसरे क्वार्टर फाइनल में प्रयाग पेंट ने 10 ओवर में 6 विकेट पर 117 रन (मोहम्मद अरबाज़ 51, रॉकी खान 36, समीर 2/16, नईम उल्ला 2/34) बनाये। शगुन पैलेस ने 9.1 ओवर में 3 विकेट पर 120 रन (टिंकू 55 नाबाद, हिमांशु 20, आरिज़ अल्वी 1/13, सरवर अली 1/28)

# मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी लोग करें मतदान-पाठक

मऊ, चित्रकूट- मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटैया डाड़ी व लपाव में मतदाता जागरूकता अभियान की बैठक गुरुवार को हुई। जिसमें एसडीएम राकेश कुमार पाठक व क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी के दबाव और बहकावे में न आकर अपनी मर्जी से स्वतंत्र रूप से मतदान करें।

इस बार क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मतदान होना चाहिए। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग विद्यालयों में बूथों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। इस



मौके पर बरगढ़ थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

## अनुराग के अर्धशतक के फोर्ड क्लब को मिली जीत

प्रयागराज। अनुराग शुक्ला के अर्धशतक (86 रन, 54 गेंद, 11 चौके, एक छक्का) के सहारे फोर्ड स्कूल क्लब ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्रिकेट क्लब को 156 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल क्लब ने 30 ओवर में 4 विकेट पर 251 रन (अनुराग शुक्ला 86, शिवांश मिश्र 36, आर्यन मिश्र 32, जतिन यादव 30 नाबाद, देवांश कुमार 25, सोम यादव 1/23, शाश्वत मिश्र 1/26) बनाकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को 16.2 ओवर में 95 रन (सोम यादव 23,

# न्यायालय के आदेश पर महिला से मारपीट का मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मनौरी, कौशांबी।** चरवा थानाक्षेत्र के रतगहा गांव में छह महीना पहले दबंग भाइयों ने चुनावी रंजिश को लेकर महिला और उसके पुत्र के साथ मारपीट की थी। बुधवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन सगे भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

रतगहा गांव की उर्मिला देवी पत्नी रामचंद्र पासी ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का गुजारा करती है। बीते सात अक्टूबर 2023 को वह खेत में चारा काटने गई थी। लौटने के दौरान रास्ते में शिवसागर यादव, संजय यादव, सिद्धार्थ यादव पुत्रगण फूलचंद्र यादव प्रधानी के चुनाव को लेकर गाली गलौज कर उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुन बीचबचाव करने पहुंचे बेटे रोहित को भी पीटा था। शोरसुनकर आसपास रहे लोगों ने मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने में आरोपी भाईयों के खिलाफ तहरीर दी। मामले में कार्रवाई न होने पर वह एसपी से शिकायत कर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। बुधवार को पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर तीनो आरोपियों के खिलाफमुकदमा लिख कर उनकी तलाश में जुट गई है।

# तमंचा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम ने 2 आरोपियों को 2 तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक श्यामदेव सिंह तथा आरक्षी आकाश, मोहित द्वारा सुनील पाल निवासी ग्राम फुलकुमारी जनपद बांदा को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार उप निरीक्षक राहुल पाण्डेय तथा आरक्षी विकास सिंह द्वारा शरद सक्सेना निवासी ऊँचागंगा दरवाजा थाना कायमगंज जनपद फर्रूखाबाद को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# पुलिस ने मोबाइल चोरी का किया खुलासा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 1 चोर को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया ।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को रामबदन पुत्र शंकरलाल निवासी कर्वी ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि बीते मंगलवार को शिवरामपुर में किराये के मकान सो रहा था कि रात्रि में लाइट चली जाने के कारण दरवाजा खोल दिया। इस दौरान अज्ञात चोर ने मोबाइल चोरी कर लिया।

इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने घटना को संज्ञान लेकर चैकी प्रभारी शिवरामपुर को घटना के अनावरण के लिए लगाया। शिवरामपुर चैकी प्रभारी उप निरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी तथा आरक्षी श्यामू, नरेन्द्र द्वारा सुनील निवासी रामपुरवा मजरा बैहार को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी एवं चोरी के माल बरामद की के आधार पर मुकदमे में बढ़ोतरी की गयी।

## समाजसेवियों ने किया विद्यालयों में औचक निरीक्षण की मांग

खंडेहा, चित्रकूट- मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खण्डेहा गांव के निवासी समाजसेवी रामबहोरी केशरवानी, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला नेता, राजेंद्र प्रसाद बलुआ, संजय केशरवानी, छेदीलाल कोल व चंद्रभान आदि ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि शासन प्राथमिक विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए निरंतर निर्देश दे रहा है। विभागीय उच्चाधिकारी भी सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद कुछ शिक्षक शिक्षण कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे शिक्षक वर्तमान समय में विद्यालय देर से पहुंचते हैं और विद्यालय निर्धारित समय तक न खोल कर कुछ देर रुकने के बाद ही वापस लौट जाते हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक इससे परेशान हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारी इस मामले में ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में ग्राम पंचायत खण्डेहा के अहिरनपुर, लबेद, तुर्री, मोहनपुर, पटपरहा, जाफरपुर आदि के प्राथमिक विद्यालयों में विभागीय अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाना चाहिए। साथ ही शिक्षण कार्य में लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# अवैध शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने दो आरोपियों को 71 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक मुकेश सिंह परिहार तथा आरक्षी अजीजुद्दीन, अंकित राजपूत द्वारा रामजी निवासी गिदुरहा को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

इसी प्रकार राजापुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह तथा उप निरीक्षक अंकित सिंह, आरक्षी प्रकाश मिश्रा, अजय मिश्रा द्वारा गौरी शंकर निवासी उफरौली को 41 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# नवरात्रि के तीसरे दिन मां चन्द्रघंटा स्वरूप की हुई पूजा आराधना

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा/सिराथू, कौशाम्बी।** शक्तिपीठ कडाधाम में नवरात्रि के तीसरे दिन मां चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा हुई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चन्द्रघंटा को राक्षसों का वध करने वाला कहा जाता है।

ऐसा माना जाता है कि मां अपने भक्तों के दुखों को दूर करने के लिए हाथो में त्रिशूल, तलवार, और गदा धारण किये हुए हैं और भक्तों के लिये इनका स्वरुप सौम्य रहता है। नवरात्रि में मां चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है।मां चन्द्रघंटा की पूजा से विभिन्न प्रकार की समस्याएं जैसे-वैवाहिक समस्याएं, दाम्पत्य जीवन, शत्रुओं की समस्या आदि समस्याओं का नाश होता हैं और इनकी कृपा मात्र से मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि, मोक्ष आदि की प्राप्ति होती है।माता चन्द्रघंटा की पूजा करते समय सुनहरे या पीले रंग के वस्त्र धारण करना चाहिए और माता को सफेद कमल, पीले गुलाब की माला अर्पित करना चाहिए।मां को केसर की खीर, दूध से बनी मिठाईयों



का भोग लगाना चाहिए और लाल चुनरी अर्पित करना चाहिए।माता की शेर पर सवार रहती हैं और माथे पर अर्धचन्द्र ही इनकी पहचान है।नवरात्रि के तीसरे दिन कडाधाम में श्रद्धालुओं भक्तों की भारी भीड देखने को मिली।सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा।

# सिराथू पावर हाउस के पास शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू पावर हाउस के नजदीक विद्युत शॉर्ट सर्किट के चलते खेत में आग लग गई इस दौरान दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ।

तपती धूप व गर्मी में शॉर्ट सर्किट से लगातार फसलों में आग लग रही है , गुरुवार को सिराथू कस्बे में स्थित पावर हाउस के नजदीक 33 हजार हाईटेंशन के शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई , आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालाकि इस दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ।

# नगर क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई की शिकायत पर पहुंची टीम, की जांच सप्लाई पाईप बदलने के दिए आदेश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में पानी की सप्लाई की पाइप लाइन में जगह जगह लीकेज है,वही बिजली विभाग द्वारा खंभे लगाने के दौरान कई स्थानों पर पाइप लाइन तोड़ दी गई थी,जिसके चलते दूषित पानी की सप्लाई लगातार हो रही थी,जिसकी शिकायत पर जांच टीम ने वार्ड नंबर 15 देहदानी रमाशंकर नगर के सभासद प्रतिनिधि शंकर लाल केसरवानी उर्फ बच्चा के साथ इंदिरा नगर में दूषित पानी की सप्लाई , नाली के पास के कनेक्शन व पाइपलाइन को चेक करवाने का काम और जहां पर पाइपलाइन लीकेज वह घरेलू पाइप लाइन लीकेज दिखने पर तत्काल उसमें काम शुरू करवाया ताकि जल्द से जल्द शुद्ध पानी की सप्लाई सुरु हो सकें स जांच टीम के जलकल सुपरवाइजर बृजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि अध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर वॉर्ड में सभासद प्रतिनिधि द्वारा कि गई शिकायत को देखते हुए जांच की गई, पुरानी पाइप को बदलकर नया पाइप लगाया जाएगा, जहां कहीं थोड़ा सा भी लीकेज था



उसको तत्काल बनवा दिया गया है। इस दौरान नगर कर्मी सफाई नायक लवकुश सोनी , राहुल सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# भगवन नाम से ही मिलता है बैकुंठ का सुख - किशोरी शरण मधुकर

चित्रकूट- परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफत लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

किशोरी शरण मधुकर महाराज ने कहा कि जो सुख बैकुंठ में नहीं है वो सुख प्रभु के गान, जप में है। उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में जब मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का इस धरा से अपने धाम जाने का समय आया और प्रभु सरयू नदी में जल समाधि लेने के लिए निकल पड़ते है तो सारे अयोध्यावासी और उनके अनंत भक्त भी उनके साथ सरयू नदी की ओर चल देते है।

मगर उनके परम सेवक भक्त हनुमान एकांत उनके नाम का जाप करने में बैठे थे। प्रभु श्रीराम की नजर जब हनुमान पर पड़ी तो उनको आश्चर्य हुआ कि सब भक्त मेरे साथ मेरे धाम जाने के लिए मेरे साथ जल समाधि लेने जा रहे है और यह एकांत बैठे है तो प्रभु श्रीराम ने हनुमान से कहा कि हनुमान तुम एकांत बैठकर मेरे नाम का गान कर रहे हो और सब मेरे साथ मेरे बैकुंठ धाम जा रहे है, तुम भी मेरे साथ मेरे बैकुंठ धाम चलो, तो हनुमान महाराज ने जाने से मना कर दिया और कहा कि प्रभु जो सुख आपके जप और गान में है वो सुख बैकुंठ में नहीं है। वहां तो सेवक बनकर ही रहना पड़ेगा, आपका गान करने को नही मिलेगा। इसलिए हे प्रभु बैकुंठ में वो



सुख नही जो आपके जप में है। इसलिए मुझे यही रहने दीजिए। इस प्रसंग को सुन सभी श्रोत भक्ति भाव में डूब गए।

# सराय अकिल कस्बे में मद भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव की कथा सुनाई गई

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल सब्जी मंडी स्थित शिव शक्ति धाम में चल रहे मध्य भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव कथा सुनाई गई कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज जी अपने मुखारविंद से ध्रुव का चरित्र का वर्णन किया।




बता दे ,सब्जी मंडी स्थित शिव शक्ति धाम चल रहे भागवत कथा में बृहस्पतिवार को कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने तीसरे दिन ध्रुव का चरित्र का वर्णन किया, ध्रुव कैसे 5 वर्ष की अवस्था में भगवान नारायण को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या किया ध्रुव ने कैसे भागवत भजन करते हुए अपने कल का उद्धार करवाया हिनाक्ष हिनाकश्यप जैसे पिता रूपी राक्षसों का संघार करवाया तीसरे दिन की कथा में ध्रुव चरित्र कपिल मुनि अवतार पहलाद जी का अवतरण आज सुनाया गया जिसमें भारत केसरवानी कृष्ण नारायण रस्तोगी अमित रस्तोगी महेश रस्तोगी रमेश वर्मा सुनील सोनी अंकित ताम्मकार आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध दशा में घर में लगी आग गृहस्थी हुई जलकर राख



**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के छब्बू का पूरा मजरा बरुआ गांव में गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर में आग लग गई आग लगने से घर में रखा सारा सामान नगदी रुपय सहित जलकर राख हो गया गांव निवासी राधेश्याम रैदास ने ने बताया कि गुरुवार की सुबह अचानक संदिग्ध दशा में उसके घर में आग लग गई जब तक वह कुछ कर पाता आग की विभीशिका ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया और और देखते ही देखते घर में रखा 20000 हजार रुपये की नगदी समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंची पश्चिम शरीरा फायर फाइटर की टीम व ग्रामीणों के सहयोग से घंटों कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

गृह स्वामी के अनुसार इस आगजनी में उसका करीब एक लख रुपए तक का नुकसान हुआ है घटना की जानकारी हल्का लेखपाल को ग्रामीणों द्वारा दी गई है खबर लिखे जाने तक घटना पर राजस्व का कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचे थे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# चित्रकूट पुलिस ने किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलाशा



चित्रकूट-पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुये शस्त्र निर्माण करने वाले एक आरोपी को भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्धनिर्मित शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इस दौरान सूचना प्राप्त हुयी कि चुन्नीलाल यादव उर्फ वाणासुर ग्राम डण्डिया स्थित अपने आम के बाग में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री लगाये हुए है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष भरतकूप तथा उनकी टीम उस स्थान पर पहुँची। पुलिस टीम ने उस स्थान को चारों तरफ से घेर कर आम के बाम से चुन्नीलाल यादव उर्फ वाणासुर ग्राम डण्डिया मजरा पहरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 6 तमंचा, 3 अर्द्धनिर्मित तमंचा, 7 कारतूस, 1 लोहे की भट्टी एवं शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण बरामद हुये। अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भरतकूप में आयुध अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक अजहर जमाल, बालकिशुन, मुख्य आरक्षी कल्लू खां, आरक्षी संदपी लोधी, सतीश यादव, शिवम मिश्रा, महिला आरक्षी दीपिका आदि मौजूद रहे।

## दिलदार टाइगर और शगुन पैलेस सेमीफाइनल में

प्रयागराज। दिलदार टाइगर और शगुन पैलेस ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर स्वर्गीय हाजी बदरुद्दीन खान एवं हाजी एखलाक खान स्मृति रसूलपुर प्रीमियर लीग (आरपीएल) क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में अटाला किंग्स ने 10 ओवर में 5 विकेट 70 रन (इमरान खान 44, रियाज़ 14, सूर्यांश 3/25) बनाये। जवाब में दिलदार टाइगर ने 8.5 ओवर में 8 विकेट 72 रन (साजिद खान 17 नाबाद, अली 17, रौनक 3/15, संजय शर्मा 2/05, इमरान खान 2/27) बना लिए। दूसरे क्वार्टर फाइनल में प्रयाग पेंट ने 10 ओवर में 6 विकेट पर 117 रन (मोहम्मद अरबाज़ 51, रॉकी खान 36, समीर 2/16, नईम उल्ला 2/34) बनाये। शगुन पैलेस ने 9.1 ओवर में 3 विकेट पर 120 रन (टिंकू 55 नाबाद, हिमांशु 20, आरिज़ अल्वी 1/13, सरवर अली 1/28)

# मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी लोग करें मतदान-पाठक

मऊ, चित्रकूट- मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटैया डाड़ी व लपाव में मतदाता जागरूकता अभियान की बैठक गुरुवार को हुई। जिसमें एसडीएम राकेश कुमार पाठक व क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी के दबाव और बहकावे में न आकर अपनी मर्जी से स्वतंत्र रूप से मतदान करें।

इस बार क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मतदान होना चाहिए। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग विद्यालयों में बूथों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। इस



मौके पर बरगढ़ थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

## अनुराग के अर्धशतक के फोर्ड क्लब को मिली जीत

प्रयागराज। अनुराग शुक्ला के अर्धशतक (86 रन, 54 गेंद, 11 चौके, एक छक्का) के सहारे फोर्ड स्कूल क्लब ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्रिकेट क्लब को 156 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल क्लब ने 30 ओवर में 4 विकेट पर 251 रन (अनुराग शुक्ला 86, शिवांश मिश्र 36, आर्यन मिश्र 32, जतिन यादव 30 नाबाद, देवांश कुमार 25, सोम यादव 1/23, शाश्वत मिश्र 1/26) बनाकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को 16.2 ओवर में 95 रन (सोम यादव 23,

# न्यायालय के आदेश पर महिला से मारपीट का मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मनौरी, कौशांबी।** चरवा थानाक्षेत्र के रतगहा गांव में छह महीना पहले दबंग भाइयों ने चुनावी रंजिश को लेकर महिला और उसके पुत्र के साथ मारपीट की थी। बुधवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन सगे भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

रतगहा गांव की उर्मिला देवी पत्नी रामचंद्र पासी ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का गुजारा करती है। बीते सात अक्टूबर 2023 को वह खेत में चारा काटने गई थी। लौटने के दौरान रास्ते में शिवसागर यादव, संजय यादव, सिद्धार्थ यादव पुत्रगण फूलचंद्र यादव प्रधानी के चुनाव को लेकर गाली गलौज कर उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुन बीचबचाव करने पहुंचे बेटे रोहित को भी पीटा था। शोरसुनकर आसपास रहे लोगों ने मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने में आरोपी भाईयों के खिलाफ तहरीर दी। मामले में कार्रवाई न होने पर वह एसपी से शिकायत कर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। बुधवार को पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर तीनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिख कर उनकी तलाश में जुट गई है।

# तमंचा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम ने 2 आरोपियों को 2 तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक श्यामदेव सिंह तथा आरक्षी आकाश, मोहित द्वारा सुनील पाल निवासी ग्राम फुलकुमारी जनपद बांदा को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार उप निरीक्षक राहुल पाण्डेय तथा आरक्षी विकास सिंह द्वारा शरद सक्सेना निवासी ऊँचागंगा दरवाजा थाना कायमगंज जनपद फर्रूखाबाद को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित अभियुक्त के विरुद्व थाना कोतवाली कर्वी में धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# पुलिस ने मोबाइल चोरी का किया खुलासा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 1 चोर को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया ।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को रामबदन पुत्र शंकरलाल निवासी कर्वी ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि बीते मंगलवार को शिवरामपुर में किराये के मकान सो रहा था कि रात्रि में लाइट चली जाने के कारण दरवाजा खोल दिया। इस दौरान अज्ञात चोर ने मोबाइल चोरी कर लिया।

इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने घटना को संज्ञान लेकर चैकी प्रभारी शिवरामपुर को घटना के अनावरण के लिए लगाया। शिवरामपुर चैकी प्रभारी उप निरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी तथा आरक्षी श्यामू, नरेन्द्र द्वारा सुनील निवासी रामपुरवा मजरा बैहार को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी एवं चोरी के माल बरामद की के आधार पर मुकदमे में बढ़ोतरी की गयी।

## समाजसेवियों ने किया विद्यालयों में औचक निरीक्षण की मांग

खंडेहा, चित्रकूट- मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खण्डेहा गांव के निवासी समाजसेवी रामबहोरी केशरवानी, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला नेता, राजेंद्र प्रसाद बलुआ, संजय केशरवानी, छेदीलाल कोल व चंद्रभान आदि ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि शासन प्राथमिक विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए निरंतर निर्देश दे रहा है। विभागीय उच्चाधिकारी भी सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद कुछ शिक्षक शिक्षण कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे शिक्षक वर्तमान समय में विद्यालय देर से पहुंचते हैं और विद्यालय निर्धारित समय तक न खोल कर कुछ देर रुकने के बाद ही वापस लौट जाते हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक इससे परेशान हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारी इस मामले में ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में ग्राम पंचायत खण्डेहा के अहिरनपुर, लबेद, तुर्री, मोहनपुर, पटपरहा, जाफरपुर आदि के प्राथमिक विद्यालयों में विभागीय अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाना चाहिए। साथ ही शिक्षण कार्य में लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# अवैध शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने दो आरोपियों को 71 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक मुकेश सिंह परिहार तथा आरक्षी अजीजुद्दीन, अंकित राजपूत द्वारा रामजी निवासी गिदुरहा को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

इसी प्रकार राजापुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह तथा उप निरीक्षक अंकित सिंह, आरक्षी प्रकाश मिश्रा, अजय मिश्रा द्वारा गौरी शंकर निवासी उफरौली को 41 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# नगर क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई की शिकायत पर पहुंची टीम, की जांच सप्लाई पाईप बदलने के दिए आदेश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में पानी की सप्लाई की पाइप लाइन में जगह जगह लीकेज है,वही बिजली विभाग द्वारा खंभे लगाने के दौरान कई स्थानों पर पाइप लाइन तोड़ दी गई थी,जिसके चलते दूषित पानी की सप्लाई लगातार हो रही थी,जिसकी शिकायत पर जांच टीम ने वार्ड नंबर 15 देहदानी रमाशंकर नगर के सभासद प्रतिनिधि शंकर लाल केसरवानी उर्फ बच्चा के साथ इंदिरा नगर में दूषित पानी की सप्लाई , नाली के पास के कनेक्शन व पाइपलाइन को चेक करवाने का काम और जहां पर पाइपलाइन लीकेज वह घरेलू पाइप लाइन लीकेज दिखने पर तत्काल उसमें काम शुरू करवाया ताकि जल्द से जल्द शुद्ध पानी की सप्लाई सुरु हो सकें स जांच टीम के जलकल सुपरवाइजर बृजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि अध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर वॉर्ड में सभासद प्रतिनिधि द्वारा कि गई शिकायत को देखते हुए जांच की गई, पुरानी पाइप को बदलकर नया पाइप लगाया जाएगा, जहां कहीं थोड़ा सा भी लीकेज था

उसको तत्काल बनवा दिया गया है। इस दौरान नगर कर्मी सफाई नायक लवकुश सोनी , राहुल सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# नवरात्रि के तीसरे दिन मां चन्द्रघंटा स्वरूप की हुई पूजा आराधना

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा/सिराथू, कौशाम्बी।** शक्तिपीठ कडाधाम में नवरात्रि के तीसरे दिन मां चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा हुई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चन्द्रघंटा को राक्षसों का वध करने वाला कहा जाता है।

ऐसा माना जाता है कि मां अपने भक्तों के दुखों को दूर करने के लिए हाथो में त्रिशूल, तलवार, और गदा धारण किये हुए हैं और भक्तों के लिये इनका स्वरुप सौम्य रहता है। नवरात्रि में मां चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है।मां चन्द्रघंटा की पूजा से विभिन्न प्रकार की समस्याएं जैसे-वैवाहिक समस्याएं, दाम्पत्य जीवन, शत्रुओं की समस्या आदि समस्याओं का नाश होता हैं और इनकी कृपा मात्र से मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि, मोक्ष आदि की प्राप्ति होती है।माता चन्द्रघंटा की पूजा करते समय सुनहरे या पीले रंग के वस्त्र धारण करना चाहिए और माता को सफेद कमल, पीले गुलाब की माला अर्पित करना चाहिए।मां को केसर की खीर, दूध से बनी मिठाईयों



का भोग लगाना चाहिए और लाल चुनरी अर्पित करना चाहिए।माता की शेर पर सवार रहती हैं और माथे पर अर्धचन्द्र ही इनकी पहचान है।नवरात्रि के तीसरे दिन कडाधाम में श्रद्धालुओं भक्तों की भारी भीड देखने को मिली।सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा।

# सिराथू पावर हाउस के पास शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू पावर हाउस के नजदीक विद्युत शॉर्ट सर्किट के चलते खेत में आग लग गई इस दौरान दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ।

तपती धूप व गर्मी में शॉर्ट सर्किट से लगातार फसलों में आग लग रही है , गुरुवार को सिराथू कस्बे में स्थित पावर हाउस के नजदीक 33 हजार हाईटेंशन के शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई , आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालाकि इस दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ।

# भगवन नाम से ही मिलता है बैकुंठ का सुख - किशोरी शरण मधुकर



चित्रकूट- परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफत लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

किशोरी शरण मधुकर महाराज ने कहा कि जो सुख बैकुंठ में नहीं है वो सुख प्रभु के गान, जप में है। उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में जब मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का इस धरा से अपने धाम जाने का समय आया और प्रभु सरयू नदी में जल समाधि लेने के लिए निकल पड़ते है तो सारे अयोध्यावासी और उनके अनंत भक्त भी उनके साथ सरयू नदी की ओर चल देते है।

मगर उनके परम सेवक भक्त हनुमान एकांत उनके नाम का जाप करने में बैठे थे। प्रभु श्रीराम की नजर जब हनुमान पर पड़ी तो उनको आश्चर्य हुआ कि सब भक्त मेरे साथ मेरे धाम जाने के लिए मेरे साथ जल समाधि लेने जा रहे है और यह एकांत बैठे है तो प्रभु श्रीराम ने हनुमान से कहा कि हनुमान तुम एकांत बैठकर मेरे नाम का गान कर रहे हो और सब मेरे साथ मेरे बैकुंठ धाम जा रहे है, तुम भी मेरे साथ मेरे बैकुंठ धाम चलो, तो हनुमान महाराज ने जाने से मना कर दिया और कहा कि प्रभु जो सुख आपके जप और गान में है वो सुख बैकुंठ में नहीं है। वहां तो सेवक बनकर ही रहना पड़ेगा, आपका गान करने को नही मिलेगा।

इसलिए हे प्रभु बैकुंठ में वो सुख नही जो आपके जप में है। इसलिए मुझे यही रहने दीजिए। इस प्रसंग को सुन सभी श्रोत भक्ति भाव में डूब गए। सुख नही जो आपके जप में है। इसलिए मुझे यही रहने दीजिए। इस प्रसंग को सुन सभी श्रोत भक्ति भाव में डूब गए।

# सराय अकिल कस्बे में मद भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव की कथा सुनाई गई




**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल सब्जी मंडी स्थित शिव शक्ति धाम में चल रहे मध्य भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव कथा सुनाई गई कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज जी अपने मुखारविंद से ध्रुव का चरित्र का वर्णन किया।

बता दे ,सब्जी मंडी स्थित शिव शक्ति धाम चल रहे भागवत कथा में बृहस्पतिवार को कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने तीसरे दिन ध्रुव का चरित्र का वर्णन किया, ध्रुव कैसे 5 वर्ष की अवस्था में भगवान नारायण को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या किया ध्रुव ने कैसे भागवत भजन करते हुए अपने कल का उद्धार करवाया हिनाक्ष हिनाकश्यप जैसे पिता रूपी राक्षसों का संघार करवाया तीसरे दिन की कथा में ध्रुव चरित्र कपिल मुनि अवतार पहलाद जी का अवतरण आज सुनाया गया जिसमें भारत केसरवानी कृष्ण नारायण रस्तोगी अमित रस्तोगी महेश रस्तोगी रमेश वर्मा सुनील सोनी अंकित ताम्मकार आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध दशा में घर में लगी आग गृहस्थी हुई जलकर राख



**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के छब्बू का पूरा मजरा बरुआ गांव में गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर में आग लग गई आग लगने से घर में रखा सारा सामान नगदी रुपय सहित जलकर राख हो गया गांव निवासी राधेश्याम रैदास ने ने बताया कि गुरुवार की सुबह अचानक संदिग्ध दशा में उसके घर में आग लग गई जब तक वह कुछ कर पाता आग की विभीशिका ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया और और देखते ही देखते घर में रखा 20000 हजार रुपये की नगदी समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंची पश्चिम शरीरा फायर फाइटर की टीम व ग्रामीणों के सहयोग से घंटों कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

गृह स्वामी के अनुसार इस आगजनी में उसका करीब एक लख रुपए तक का नुकसान हुआ है घटना की जानकारी हल्का लेखपाल को ग्रामीणों द्वारा दी गई है खबर लिखे जाने तक घटना पर राजस्व का कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचे थे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# ..तो क्या ऐसे ही अव्यवस्थाओ की भेट चढ़ जाएगा गुरू गोविंद सिंह उद्यान?

## बच्चों के झूलों पर झूलते हैं नौजवान,टूट चुकी है व्यायाम करने वाली सायकिल








**राजू निषाद**

**रायबरेली।** अभी हाल ही में नव निर्मित उद्यान का लोकार्पण हुआ है और चंद दिनों के भीतर ही यहाँ फैली अब्यवस्थाओं के चलते उद्यान की खूबसूरती तथा सार्वजनिक उपयोग की वस्तुओं पर ग्रहण लगना शुरू हो गया है।

जी हाँ !हम बात कर रहे हैं शहर में हाल ही में बने मुख्य पर्यटक स्थल गुरू गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान की,जिसका लोकार्पण अभी हाल ही में हुआ है।बताते चलें कि उद्यान का निर्माण तो काबिले-तारीफहुआ है परन्तु उचित देखरेख व रखरखाव के अभाव के चलते उद्यान की खूबसूरती अभी से ही नष्ट होना शुरू हो चुकी है। गौरतलब है कि इस उद्यान में जहाँ आसपास के क्षेत्रीय लोग सुबह टहलने व शुद्ध हवा का आनन्द उठाने के लिए इसी उद्यान में आते हैं वहीं जिले के कोने कोने से लोग यहाँ पिकनिक मनाने के लिए भी आते हैं।

### बच्चों के झूलों पर झूलते हैं नौजवान,टूट रहे झूले!

बताते चलें कि उद्यान में भारी-भरकम सरकारी धनराशि खर्च कर जहाँ बच्चों के मनोरंजन के उद्देश्य से कई झूले लगाए गये हैं वहीं नौजवानो के द्वारा उन झूलों का उपयोग किये जाने के चलते झूले अभी से ही टूटना शुरू हो चुके है,इतना ही नही बल्कि नौजवानों व बुजुर्गों के ब्यायाम के लिए लगायी गयी सायकिल अभी से ही खटारा हो चुकी है,साईकिल पर सीट के स्थान पर सिर्फएक छोटा सा लकड़ी की प्लाई का एक टुकड़ा मात्र शेष बचा है,वहीं पैडिल भी बेकार होने की कगार पर है। बताया जाता है कि वैसे तो उद्यान में दिन भर तमाम लोगों का आना जाना लगा रहता है परन्तु सुबह लगभग 5 बजे से 7 बजे के बीच तथा शाम को अगर उद्यान कर्मी वहाँ आने वाले शरारती तत्वों पर नजर रखें तथा झूलों व ब्यायाम की वस्तुओं के साथ गलत तरीके से पेश आने वाले लोगों की हरकतों पर अंकुश लगायें तो काफी हद तक यहाँ की व्यवस्थाएं सुधर सकती हैं।

### पैदल पथ के अगल बगल फैली झाड़ियों में रहता है जहरीले जंतुओ का खतरा

बताया जाता है कि प्रातः लगभग 4:30 बजे से उद्यान में सैकड़ों लोग टहलने के लिए आते हैं जो कि पैदल पथ के जरिये पूरे उद्यान के चक्कर लगाते हैं,पैदल पथ के अगल बगल बड़ी-बड़ी घनी जंगली झाड़ियाँ उगी हुई हैं जिसमें जहरीले जंतुओं के छिप कर बैठने का खतरा बराबर बना रहता है,कहीं ऐसा ना हो कि कभी किसी के साथ किसी तरह की अनहोनी हो जाए। लोगों का तो यहाँ तक कहना है कि लोकापर्ण के पहले ही पैदल पथ के अगल बगल साफ सफाई हो जानी चाहिये थी,परन्तु ऐसा नही हुआ,इन झाड़ियों में जहरीले सर्पो के देखे जाने की भी चर्चा है।

# रोटरी क्लब के 50 वर्ष में प्रवेष करने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** रोटरी क्लब रायबरेली ने 10 अप्रैल को अपने पचास वे वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह स्मारक उद्यान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में उद्यान में 11 चेयर्स लगाकर उद्यान को समर्पित की गई।इस कार्यक्रम का आरंभ रोटरी क्लब रायबरेली के अध्यक्ष रो राकेश ने सभी अतिथियों के स्वागत से किया। रो राजीव भार्गव एवम रो विकास दीक्षित ने रोटरी द्वारा पचास वर्षो में किये गए सामाजिक कार्यो का संक्षिप्त विवरण बताया।मुख्य अतिथि डायट्रिक्ट गवर्नर रो सुनील बंसल एवम पीडीजी रो केके श्रीवास्तव ने रोटरी क्लब रायबरेली का गोल्डन जुबली वर्ष का लोगो का विमोचन किया एवम 11 चेयर उद्यान को समर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की।कार्यक्रम का संचालन रो संजय सभरवाल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी रो राजेश शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रो एस एल चादवानी, रो अतुल भार्गव, रो रवि कपूर,रो वी एन गुप्ता,रो विमल तलरेजा,रो अजय त्रिवेदी,रो करून कंसल, रो कपिल कपूर, रो ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी,रो राजेश वर्मा , रो विवेक सिंह रो पवन गुप्ता, रो राकेश चांदनी व समागम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# रामनवमी की तैयारियों जुटा नगर निगम, महापौर ने किया निरीक्षण

## मेला क्षेत्र में संक्रामक रोगों के नियंत्रण के लिए एंटी लारवा का छिड़काव

### » मुख्य मार्ग व गलियों में फागिंग की बनी योजना



अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार पड़ रही रामनवमी पर भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी हैं। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने सफाई व्यवस्था के साथ ही नालियों में एंटी लारवा का छिड़काव तथा फागिंग कार्य का जायजा लेने के लिए हनुमानगढ़ी के आसपास तथा रामकोट इलाके का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों को समय से पहले एंटी लारवा का छिड़काव हर हाल में पूरा कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मच्छरों की रोकथाम के लिए अयोध्या के हर वार्डो के गली, मोहल्लों में एंटी लार्वा छिड़काव, फागिंग, नालियों की साफ-सफाई, खुली नालियों को ढकना, जगह जगह जल भराव का निस्तारण के लिए कई टीमों का गठन किया गया है, जिससे यहां रहने वाले अयोध्यावासियों व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को समस्या ना हो।

# हाइटेंषन लाइन तार टूट कर खेत में गिरा,पांच विस्वा गेहूँ जलकर राख

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के सेमरहा मजरे सिकंदरपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया। जब गांव निवासी सुरेश कुमार,राम लखन पुत्रगण राम आसरे के खेत के ऊपर से गई 11000 केवी की हाइटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। देखते ही देखते गेहूं के खेत में आग लग गई तब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक लगभग पांच विश्व गेंहू जलकर रख हो गया।वही मौके पर पहुंची अग्निशमन दल व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।घटना के बाद कानूनगो व लेखपाल ने रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार को सौप दी है।

# निजी संचालकों की मनमानी के आगे सरकारी विभाग फेल, सियासी नुमाइंदे की आवाजे भी खामोष

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** निजी स्कूल संचालकों की मनमानी के आगे सरकारी विभाग जहां शिकायतों का खेल खेल रहे हैं, वहीं सियासी नुमाइंदों की आवाज भी नहीं उठ रही। कारण-वोट बैंक, क्योंकि जहां मुद्दा वोट का होता है तो वहां हर तरह की सियासत चरम पर होती है। मगर अफसोस, व्यापार बने निजी स्कूलों की लूट को रोकने के लिए आज तक न सियासी प्रदर्शन हो पाए, न ही किसी प्रकार के धरने लग सके। इससे एक सवाल उठना लाजिमी है कि सरकार के संरक्षण में स्कूल खुलेआम अभिभावकों की जेबें काट रहे हैं।नए शैक्षणिक सत्र के चलते महराजगंज क्षेत्र में संचालित दर्जनों निजी स्कूल संचालकों की मनमानी अभिभावकों की जेब पर भारी पड़ रही है। दिन-ब-दिन स्कूली शिक्षा महंगी होती जा रही है। इसका मुख्य कारण निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशर की पुस्तकें लगवाना, महंगी वर्दी और फीस बढ़ोतरी है। निजी स्कूलों की इस मनमानी से हर कोई वाकिफ है लेकिन बच्चों के भविष्य को देखते हुए कोई भी अभिभावक कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वहीं, नियमों से बंधा प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।वही क्षेत्र के अभिभावक का कहना है कि निजी स्कूल कमीशन खाने के चक्कर में प्राइवेट प्रकाशकों की महंगी व मोटी किताबें स्कूल लगा रहे हैं और अभिभावकों पर स्कूल के अंदर ही खुली दुकानों या बाहर अपनी बताई गई दुकानों से ही किताबें खरीदने का दबाव डाल रहे हैं। बाजार में जो कॉपी या स्टेशनरी कम दाम में मिलती है उसे भी अपनी बताई गई दुकान से ही महंगे में खरीदवाने के लिए मजबूर कर रहे है। जिन किताबों की कोई जरूरत नहीं है उन्हें भी खरीदने के लिए कहा जा रहा है। ज्यादातर स्कूलों ने अपनी एक निश्चित दुकान तय की है। वहीं से किताबें बच्चों को लेनी पड़ रही हैं। कमीशन के खेल में कुछ स्कूलों के अंदर ही पुस्तकें और कॉपियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।ऐसा ही दूसरे अभिभावक का कहना कि स्कूल की ओर से बताई गई पुस्तकें इसके अलावा किसी दुकान में नहीं मिलतीं है । बच्चों के कॅरिअर की बात है, इसलिए स्कूल को कुछ कह नहीं सकते। अकेले आवाज उठाना मुमकिन नहीं है। बच्चे के साथ शिक्षक भेदभाव न करें और उसका भविष्य सुरक्षित रहे। इसलिए कोई अभिभावक स्कूल का विरोध नहीं करते। एक अभिभावक ने कहा कि स्कूलों द्वारा पुस्तकों और वर्दी पर चल रही लूट का सभी को पता है लेकिन इस पर कभी कार्रवाई नहीं होती।

# कंपोजिट विद्यालय में हुई चोरी,पुलिस में दी गई तहरीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कंपोजिट विद्यालय बलीपुर को निशाना बना अज्ञात चोरों ने बीती रात दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम देकर कोतवाली पुलिस को खुली चुनौती दी है। पंद्रह दिनों के अंदर कंपोजिट विद्यालय में दो बार हुई चोरी की घटना से पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में प्रधानाध्यापक ने एक बार फिर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरी की घटना के खुलासे की मांग की है।कंपोजिट विद्यालय बलीपुर मजरे जनई गांव के प्रधानाध्यापक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने कार्यालय का ताला तोड कर सीलिंग फैन पार कर दिया तथा तथा कार्यालय में रखे अभिलेखों से छेड़छाड़ करते हुए बिखेर दिया । बेखौफचोरों ने विद्यालय परिसर में ही मदिरा का सेवन करने के बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया।गौरतलब है कि बीते माह 27 मार्च को भी अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर एमडीएम का राशन, बर्तन व अन्य सामान पार कर दिया था। घटना में प्रधानाध्यापक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस अभी पहली ही घटना का खुलासा नहीं कर पाई थी कि बेखौफचोरों ने दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम देकर कोतवाली पुलिस को खुली चुनौती दी है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तफ्तीश जारी है जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# निषाद समाज ने अग्नि पीड़ित परिवार का किया सहयोग



**अयोध्या।** महाराजा निषाद राज जयंती के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद संरक्षक डॉ नानक सरन , व कोषाध्यक्ष राम बहोर निषाद, पूर्व महाराजा निषाद राज जयंती के अध्यक्ष गंगाराम निषाद , दुर्गेश निषाद, विजय निषाद हेमंत निषाद के द्वारा ग्राम चकिया ,ग्यासपुर, तहसील बीकापुर, जिला अयोध्या में आग लगने के कारण निषाद समाज के शिवनाथ के साथ तथा जगदंबा निषाद के घर में आग लग गई जिसमें उनकी पूरी गृहती जल गई उन्हें प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत मकान बनाने के ₹40000 भी मिले थे जो बैंक से लाकर के घर पर रखा था उसी दिन आग लग गई और सब कुछ खत्म हो गया

इन समाज के सजातीय बन्धु को आज हम लोग उनके घर पर जाकर उनका दुख दर्द बांटने का प्रयास किया तथा उन्हें प्रतिदिन उपयोग की चीज जैसे बर्तन, कंबल ,चद्दर ,साड़ियां पुरुषों के कपड़े, बच्चों के कपड़े, अनाज के रूप में सहयोग तथा आर्थिक भी सहयोग दिया गया जय निषाद, जय निषाद ।

# दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

बीकापुर- अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग हुई दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिसमे तीन लोगों का प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने दिया गया तथा एक आदमी की स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया परिजनों ने बताया कि जिले पर पहुंचने के बाद मरीज गम्भीर देख कर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। उक्त लोग बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में पातू पूर निवासी राजकुमार पुत्र रामसोवर उम्र 50 वर्ष घर से कुछ कार्य के लिए मोटर साइकिल से प्रमुख सड़क अयोध्या से प्रयागराज तक पहुंचे ही अचानक सड़क पर गाड़ी चढ़ाने के लिये मोड़ते समय गाड़ी एक पेड़ से टकरा गई जिसके चलते गाड़ी चालक राजकुमार गंभीर अवस्था मैं सी एच सी मे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किए गए साथ में राजेंद्र प्रसाद पुत्र राम अभिषेक 45 वर्ष निवासी पातूपुर को हल्की छोटे आई हैं जिससे उनका सी एच सी बीकापुर में ही प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने दिया गया है।

उक्त घटना दिन में लगभग बारह बजे की बताई जा रही है। दूसरी घटना क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार पुत्र मस्तराम 28 वर्ष अपनी चाची को लेकर बैतीकला से दिन में लगभग पांच बजे घर वापस आ रहे थे की पालटू वीर बाबा के पास भैंस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए साथ में गाड़ी पर बैठी चाची सती पत्नी संतराम 45 वर्ष को भी चोटे आई जिनका प्राथमिक उपचार होने के बाद घर जाने दिया गया है।

# निशुल्क जल प्याऊ केंद्र का हुआ उद्घाटन




**अयोध्या।**ईद के शुभ अवसर पर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद अयोध्या के मुख्य गेट पर उप निदेशक कृषि डॉ संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा निशुल्क जल प्याऊ केंद्र का किया उद्घाटन।विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश वर्मा थे मुख्यालय आयुक्त आलोक तिवारी ने बताया कि सभी आगंतुकों के लिए निशुल्क स्वच्छ ठंडा जल मीठे में गुड की उपलब्ध निरंतर बनी रहेगी। केंद्र पर काम करने वाले लोगों को कृषि उपनिदेशक ने टी-शर्ट और कैप देकर कहा कि यह पूर्ण का काम है प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही परोपकार का कार्य है चिड़ियों के लिए भी पानी पीने की व्यवस्था की गई वित्त एवं लेखा अधिकारी ने बताया कि इसका स्काउट संस्था परोपकार करने की संस्था है इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर जिला संस्था द्वारा लगाया जाता रहा है ।यह कार्यक्रम जुलाई माह तक चलाया जाएगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी, डॉक्टर पंकज शुक्ला, अनूप पांडे डॉक्टर, रंजीत वर्मा, चक्रधर दुबे, के के तिवारी, कमलेंद्र तिवारी ,महेंद्र पाल,भूपेंद्र त्रिपाठी लोक उपस्थित रहे।

## देश की सुख समृद्धि के लिए की अमन की दुआ एक दूसरे को दी मुबारकबाद

**अयोध्या।** देश में सुख समृद्धि दुनिया में अमन की दुआ के साथ ईद की नमाज रुदौली ईदगाह में शाह अम्मार अहमद नय्यर मियां सज्जादा नशीन मुतवल्ली दरगाह शरीफ अध्यक्ष ईदगाह जामा मस्जिद की कयादत में हुई। ईदगाह रुदौली में हजारों लोगों ने ईद की नमाज अदा की। ईद की नमाज जामिया चिश्तिया दरगाह शरीफ के मौलाना राशिद निजामी ने अदा कराई। नमाज से पूर्व नय्यर मियां ने देश में सुख समृद्धि दुनिया में अमन की दुआ कीऔर ईद की मुबारकबाद दी। उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल, क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी सहित सभी प्रशासन के लोगों का शुक्रिया अदा किया। ईदगाह में फैजाबाद लोक सभा क्षेत्र से प्रत्याशी अरविंदसेन यादव, चेयरमैन जब्बार अली, शाह मसूद हयात गजाली, विनोद लोधी, राम सनेही लोधी, प्रदीप यादव सभासद, गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी।

## डॉ पुष्कर राजकीय होमियो मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य पद पर चयनित



**पूरा बाजार - अयोध्या।** राजकीय डा. बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली अयोध्या में प्राचार्य पद पर कार्यरत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ विजय कुमार पुष्कर का चयन लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा प्राचार्य पद पर किया गया है डॉ विजय कुमार पुष्कर के प्राचार्य पद पर चयनित होने पर सांसद लल्लू सिंह महापौर गिरीश पति त्रिपाठी विधायक वेद प्रकाश गुप्ता विधायक अभय सिंह डॉ आनंद गोपाल सिंह डॉ उपेंद्र सिंह डॉ माधुरी गौतम डा केशव गोस्वामी डॉ तुलसीराम डा पी एस त्रिपाठी डॉ जावेद डॉ आई पी पटेल डॉ कमल डॉ अंजू सिंह डॉ सुशीला सिंह डॉ अनुपम सक्सेना डॉ अवनीश राय डॉ पवन कुमार ने भी बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत का औचक निरीक्षण





**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत का औचक निरीक्षण किया। डिलीवरी रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि डिलीवरी रजिस्टर में अंकन त्रुटिपूर्ण था। वार्ड में जो बच्चा भर्ती था उसका वजन कम भी था, जबकि रजिस्टर में अधिक दर्शाया गया था। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मृतक शिशु डिलीवरी केस को गंभीरता पूर्वक देखा। की-शीट पूर्ण नहीं होने एवं डिलेवरी रजिस्टर में अपूर्ण अंकन होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया तथा संबंधित स्टाफ को कड़ी चेतावनी दिया। उन्होंने सभी रिकॉर्ड्स को पूर्ण तथा अपडेटेड करने का सख्त निर्देश दिया। तत्पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद में चलाए जा रहे संचारी एवं दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाली की साफ सफाई, एंटी लारवा छिड़काव एवं कचरा निस्तारण अपेक्षा के अनुरूप पाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को निर्देशित किया कि संचारी अभियान से संबंधित सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी गतिविधियां गुणवत्तापरक ढंग से संपादित कराई जाएं।

दस्तक अभियान के लिए उन्होंने निर्देश दिया की आशा एवं आंगनबाड़ी संयुक्त रूप से प्रत्येक परिवार का भ्रमण कर उन्हें जागरूक करें। सभी लाभार्थियों का आभा आईडी आवश्यक रूप से बनवाएं।

# ईद के नमाज के बाद मुल्क में अमन के लिए की गई दुआ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सभी गांवों में ईद का त्यौहार बडे ही सादगी एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में सुबह सात बजे से लेकर करीब नौ के बीच जगह-जगह ईद की नमाज अदा की गयी।

उसके बाद देश व मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ मागी गयी।

सिकंदरा स्थित बड़ी ईदगाह के मस्जिद में सुबह साढ़े सात बजे ईद की नमाज अदा की गयी, उसके बाद मौलाना शहादत हुसैन द्वारा रमजान व ईद की फजीलत बताई गयी कि अगर आपका पड़ोसी भूखा है तो आपकी ईद बेकार है। आप अपनें पड़ोसियों का ख्याल रखें और सभी गिले-शिकवे मिटाकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दें।

इसी को असल में ईद कहा जाता है। ईद के नमाज के बाद लोगों नें एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी व एक दूसरे के घर जाकर सेंवई का जायका भी लिया। महिलाओं नें भी एक-दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया।

इसी तरह बहरिया , अभईपुर, मीरकपुर , सरायगनी, महपूरा, राजेपुर, सराय अजीज, हसनपुर, जुगनीडीह,बस्ती का पूरा, सुनबरसा, अहिराई, रैदेपुर, बुआपुर,भानेमऊ, पतुलकी, खेवराजपुर, बकसेडा, सिलोखरा आदि गांव की मस्जिदों में ईदउल फ़ितर की नमाज़ अदा की गयी और देश में अमन चैन के लिए दुआ मांगी गयी।

इस मौके पर डाक्टर शमशुल आरफीन, गुफरान मलिक,सोनू मलिक, अज्जू मलिक, मो इस्लाम,अनीस अहमद,राजू खान, मोहम्मद नौशाद हबीब उल्ला, मो कासिम आदि लोग रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह व चौकी प्रभारी रवि कटियार अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहे थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय ने बताया कि क्षेत्र में ईद का त्यौहार सकुशल सम्पन्न होने के लिये क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया है।

## मजहब नहीं सिखाता है आपस में बैर रखना

### अतनपुर में ईद पर दिखा हिन्दू मुस्लिम की कौमी एकता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया के सुल्तानापुर अतनपुर में गुरुवार को ईद की नमाज मस्जिद में सुबह साढ़े आठ बजे हुई नमाज के बाद देश में अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई उसके बाद लोग घरों में जा जा कर ईद मिलते रहे । जनाब मोहम्मद नौशाद पूर्व प्रधान अतनपुर वा हाजी मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी के दरवाजे पर भाई चारे की मिशाल पेश की गई दिन भर तमाम हिन्दू भाइयों का तांता लगा रहा लोग आते रहे और सेंवई और तमाम प्रकार के पकवान खाते रहे और ईद की बधाई देते रहे। जिसमे गांव के ही तमाम लोग प्रधान के दरवाजे पर आकर ईद की मुबारकबाद देते रहे, जिनमे मुख्य रूप से रामखेलावन यादव ,कैलाश सिंह ,डिंपल सिंह ,सुशील सिंह, दिनेश पटेल कोटेदार, दिनेश यादव, शशिकांत यादव,रमेश यादव,मातादीन भारतीय, भाईलाल भारतीया,पवन सिंह , हुबलाल नेता,चंद्रभान सिंह,राजकुमार भारतीया,अरुण सिंह ,संजय यादव, संतलाल यादव, राममूर्ति यादव, जगदीश, जमुना, गंगादीन, राजेन्द्र सिंह, रामसमुझ सिंह,धार्मिक धनीराम , पप्पू कलम वाले,ओमप्रकाश पटेल, राजेश सिंह, केदार नाथ ,लाल बहादुर प्रजापति , समरबहादुर, शिवबाबू मधुकर, मुन्ना यादव ,धनराज यादव, प्रताप पटेल, बृजलाल यादव ,गृजलाल यादव ,चंद्रपाल यादव, प्रेमचन्द्र, शामा भारतीय, सुलेमान,जावेद प्रधान , तौफीक, पीर मोहम्मद ,नन्हे , मोहम्मद आसिफ मोहम्मद आमिर सारिक सिद्दीकी नदीम नौमान आदि हजारों लोग उपस्थित होकर ईद के मौके पर भाई चारे की मिशाल पेश की।

## ईद- उल- फितर की नमाज अता कर मुल्क के सलामती की मांगी दुआ

**नैनी( प्रयागराज)।** ईद- उल-फितर (ईद )के मौके पर नैनी क्षेत्र एवं ग्रामीण अंचलों में स्थित ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद की नमाज अता की, तथा मुल्क के सलामती के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई। इस मौके पर लोग एक दूसरे से गले मिलकर, मोबाइल पर एस.एम.एस एवं व्हाट्सएप पर मैसेज कर ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा- व्यवस्था को देखते हुए ईदगाह एवं मस्जिदों के इर्द-गिर्द पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।ईद की पूर्व संध्या पर बाजारों में खरीदारों की भीड़ जुट गई । लोग दुकानों पर सिंवई,मेवा,खोवा, कपड़े आदि खरीदने में जुट गए। सुबह होने पर लोग स्नान करने के बाद नए कपड़ों को धारण कर क्षेत्र में स्थित ईदगाह एवं मस्जिदों मैं जाकर ईद की नमाज अता की तथा मुल्क की सलामती के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। नमाज अता करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर, जरिए मोबाइल एसएमएस एवं व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ईदगाह एवं मस्जिदों के आसपास पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। शाहजी का पूरा ए.डी.ए कॉलोनी स्थित ईदगाह में ईद की नमाज का इबादत करते हुए हाजी अब्दुल रहमान ने बताया, कि अल्लाह ताला के नाम पर एक महीने का रोजा रखा जाता है। एक माह का रोजा रखने के बाद अल्लाह ताला उसके सारे गुनाहों को माफ कर देता है। इसी के शुकराने के रूप में ईद का त्यौहार मनाया जाता है। ईद के त्यौहार को सकुशल पूर्वक संपन्न कराए जाने पर जिला अपराध निरोधक के क्षेत्रीय प्रभारी तांत्रिक आशिक बाबा ने पुलिस प्रशासन को बधाई दी है।

इसी तरह क्षेत्र के चकदोदी, स्टेशन रोड नैनी, अरैल, कर्बला, इंदलपुर, महेवा, मडोका, मोहब्बत गंज, लवायन कला, भंड़रा स्थित ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गई तथा लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।




## फूलपुर क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल में अदा हुई ईद की नमाज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र में ईद की नमाज परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। बच्चों एवं बड़े नये-नये परिधानों में मस्जिद ईदगाह पहुंचकर दो रकअत नमाज ईदुलफितर अदा किया। फिर मुल्क और कौम की खुशहाली व भाईचारे अमन की दुआएं की गई। रमजान के 30 रोजों की गिफ्त में ईद का तोहफा मिला था। ईद के दिन गरीब अमीर छोटे बड़े सभी नए परिधानों में ईदगाह जाकर दो रकात नमाज अदा करके अल्लाह पाक का शुक्र अदा करते हैं। उसके बाद गांव मोहल्ले में धूम धूम कर सिवई खाते हैं। ईद के दिन हर घर में सिंवई बनती है जो ईद का तोहफा कहलाती है। ग्रामीण क्षेत्र में तो बच्चे झुंड बनाकर सिंवई खाने निकलते हैं।



## ईद-उल-फितर पर मांगी अमन व सलामती की दुआएं



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** इलाके मे समर्पण एवं बलिदान का पर्व ईद - उल -फितर का त्योहार सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाया गया । इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय ने ईदगाह मे नमाज अता कर मुल्क मे अमन शांति एवं तरक्की के लिए दुआ मांगी गई।

लेड़ियारी मे बृहस्पतिवार को ईद पर्व सादगी के साथ मनाई गई। नमाज से पहले खिताब - ए - आम मे इमाम - ए - ईदगाह मे खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

सुबह आठ बजे नमाज अता की गयी ।बताया जाता है कि ईद -उल - फितर एक अश्जीम पवित्र त्योहार है । खुदा की बंदगी के साथ -साथ आपस मे मुल्क और मिल्लत के लिए अल्लाह से खैरी सकदम की दुआ की जाती है और एक दूसरे को बहुत सारी खुशियों बांटी जाती है । इस मुबारक मौके पर हाफिज मुस्लिम रजा खान, असलम खान , जुमरात अली , महमूद आलम , अहमद अली , मुहम्मद शमीम, मुहम्मद नसीम , जुम्मन अली , वकील अंसारी , शमीम ने पैगंबर इब्राहिम की सुन्नत की अदा करते हुए जानवरों की कुर्बानी दी जाती है । इसका मकसद यह नही सिर्फ जानवरों की कुर्बानी बल्कि तमाम बुराइयों कुरीतियों एवं झूठ को रोकने की रब से दुआ की जाती है।

नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए खीरी थाना प्रभारी आशीष सिंह, उपनिरीक्षक धीरज कुमार, अम्बे कुमार व कानेस्टबिल मनोज कुमार सिंह , यतेन्द्र कुमार, अमन सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह आदि शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन मुस्तैद रहे।

## नीरज त्रिपाठी को सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने घर जाकर दी बधाई

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से नीरज त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाए जाने पर इस सीट से निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने त्रिपाठी के घर जाकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। रीता बहुगुणा जोशी के मीडिया प्रभारी मनु कक्कड़ ने बताया कि जोशी बुधवार की शाम नीरज त्रिपाठी के घर गई और उन्हें भाजपा की ओर से प्रत्याशी घोषित किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता पार्टी ही नहीं बल्कि देश की पूंजी है और यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सब एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप में राजग 400 पार और भाजपा 370 पार के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नीरज त्रिपाठी को इलाहाबाद से और प्रवीण पटेल को फूलपुर लोकसभा सीट से प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने में सहयोग करूंगी। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, भाजपा के कद्दावर नेता रहे पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र हैं और वर्तमान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपर महाधिवक्ता हैं।

## शशांक के शतक चौधरी नौनिहाल क्लब जीता

**प्रयागराज।** शशांक के शतक (121 रन, 95 गेंद, 15 चौके) के दम पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने फाफामऊ क्लब को 89 रन से हराकर कर्नल एमआर सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।



केपी कॉलेज मैदान पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में 293 रन (शशांक 121, संदीप यादव 47, मनु राजा 46 नाबाद, शिवकांत शुक्ला 22, अभिषेक कौशल 3/54) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब की टीम 35.1 ओवर में 204 रन (सुधांशु सोनकर 92, अभिषेक कौशल 31, चैतन्य मिश्र 3/35, कुलदीप मिश्र 3/38) पर सिमट गई। मैच में शैलेंद्र सिंह व विपिन यादव ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

## पुलिस और आइटीबीपी के जवानों किया फ्लैग मार्च

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौंधियारा(प्रयागराज )।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिन गुरुवार को पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च कर क्षेत्रीय ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कौंधियारा थानाध्यक्ष की अगुवाई में क्षेत्र में ग्रामीणों को आगामी लोकसभा चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान किए जाने को लेकर फ्लैग मार्च किया गया।

लोगों से आगामी आने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान किए जाने को लेकर अपील की गई।

साथ ही साथ लोगों से कहा कि अगर कोई भी दबंग किस्म का व्यक्ति अनावश्यक रूप से मतदाता को परेशान करता है ।प्रलोभन देता है तथा वोट न डालने की धमकी देता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे पुलिस ऐसे अराजक तत्वों से सख्ती से निपटेगी।



इस मौके पर कौंधियारा थाना प्रभारी सीपी सिंह जारी चौकी प्रभारी विपिन कुमार वर्मा समेत भारी पुलिस बल एवं पैरामिलिट्री फोर्स के जवान मौजूद रहे।

## भाजपा के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का स्वागत एवं अभिनंदन

**नैनी(प्रयागराज)।** भाजपा के इलाहाबाद संसदीय प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का नैनी आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि आज पंडित नीरज त्रिपाठी के नैनी के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया सर्वप्रथम उनका स्वागत कॉटन मिल पर संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया उसके बाद वरिष्ठ सभासद मयंक यादव जी के निवास स्थान पर जाकर के नीरज त्रिपाठी जी का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र प्रदान करके स्वागत किया गया इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी जी वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील विश्वकर्मा जी संजय श्रीवास्तव जी राजेश तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता रवि मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश सेन महामंत्री नैनी मंगल किसान मोर्चा सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पंडित नीरज त्रिपाठी को उनका हार्दिक स्वागत एवं नंदन किया।



# भाजपा की अप्रत्याशित राजनीति का फिर शिकार हुआ प्रयागराज

## पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने प्रचार को नहीं प्रभाव को दिया महत्व

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी दसवीं सूची में इलाहाबाद से वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी को चेहरा बनाकर सबको चौंका दिया।चर्चा है कि भाजपा प्रचार वालों को नहीं बल्कि प्रभाव वालों को प्रत्याशी बना रही है। प्रयागराज एक बार फिर राजनीतिक गिरावट का शिकार बना है। कहा जा रहा कि तीसरी बार यह प्रयोग कहीं फांस ना बन जाय।

भाजपा प्रत्याशी वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी वेशक भाजपा के बडे नेता पं केशरीनाथ त्रिपाठी के बेटे हैं लेकिन इनकी राजनीतिक गतिविधियां कभी चर्चा में नहीं रहीं। यहाँ के दावेदारों की लंबी फेहरिस्त में कई ऐसे चेहरे रहे हैं जो पार्टी को मजबूत बनाने के लिए वर्षों से समर्पित भाव से संघर्ष करते आ रहे हैं।पार्टी के इस निर्णय से उनकी मेहनत की आस पर बज्रपात जैसा आघात लगा है। हो सकता है कि कुछ लोग अपने को समेट कर आगे फिर संघर्ष करते नजर आएं लेकिन कुछ चेहरे और उनके समर्थक इस निर्णय से बेहद आहत हैं। यमुनापार के ग्रामीण

**☞ तीसरी बार इस तरह का प्रयोग कहीं पार्टी के लिए फांस ना बन जाय**

क्षेत्र में भाजपा का यह फैसला कुनैन की गोली की तरह ही कसैला लग रहा है। नीरज त्रिपाठी की सक्रिय राजनीति कुछ खास नही रही। हाँ यह जरूर है कि यह उनके पिता की विरासत है जिसे आगे ले जाने में पार्टी ने अहम सहयोगी की तरह उन पर दांव लगाया है। उनके साथ निश्चित ही पार्टी के बडे नेता पँ केशरी नाथ त्रिपाठी का नाम जुड़ा है। वाकई में इस प्रभाव को नकारा नही जा सकता है और शीर्ष संगठन ने शायद इसी रसूख को पैमाना बना लिया है। राजनीतिक नजरिए से देखा जाय तो पार्टी ने इस तरह से तीसरी बार निर्णय लिया है। इसके पूर्व भी कुछ रसूख वालों को ही प्राथमिकता देकर सबको चौंका दिया था।लोगों की माने तो एक दशक से यमुनापार की जनता भाजपा को जिताकर भी हॉशिए पर रही है। शीर्ष नेतृत्व का यह फैसला कहीं आत्मघाती ना बन जाय।

देश में चल रहे 16वीं लोकसभा आम चुनाव में नरेंद्र मोदी, भाजपा के लिए वन मैन आर्मी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जनता उनके साथ खड़ी नजर आ रही है। लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश की कई सीटों पर जो चौकाने वाले निर्णय लिए हैं,यदि जनता का मिजाज बिगड़ा तो बड़ा खेल हो सकता है।प्रयागराज भी इसमें एक हो सकता है और जनता सबक सिखाने के लिए यहाँ के जमीनी नेता रेवती रमण सिंह के खेमे से जुड़ सकती है। बहरहाल इसके लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

## शातिर चोर अवैध असलहा संग धराया



**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार की शाम मैरी गांव निवासी शातिर चोर स्वदेश कुमार मौर्य पुत्र रमा शंकर मौर्य को एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरधर पुर गोडवा नहर से पकड़ कर 3/ 25 आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सविन तोमर ने बताया कि स्वदेश के खिलाफ होलागढ़,सोराव थाने में गिरोह बंदी,चोरी सहित अनेक धाराओं में अभियोग पंजीकृत है।

## रिटर्न फाइल के अंतिम दिन नहीं चला जीएसटी पोर्टल

प्रयागराज। कैट प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र गोयल ने बताया कि सभी व्यापारियों को अपने बिक्री का विवरण जीएसटीआर 1 के माध्यम से प्रत्येक माह की 11 तारीख को भरना होता है। यदि विक्रेता व्यापारी इसमें चूक करता है तब क्रेता को खरीदे गए माल पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं मिलता है। 10 अप्रैल से पोर्टल दगा देने लगा था । या तो बिल्कुल भी नहीं चल रहा था या फिर इतना स्लो होता कि टाइम आउट होने से लॉग आउट हो जाता। जीएसटी लागू हुए 7 साल होने जा रहे हैं पर पोर्टल एक समस्या बना हुआ है।कैट ने समस्या को देखते हुए एक्स ( ट्विटर) के माध्यम से अन्तिम तिथि को 30 अप्रैल किए जाने की मांग की है।

## मतदान से तय होता है राष्ट्र का भविष्य- कैलाश सिंह

### लोकतंत्र पर्व का बनें हिस्सा, जरूर करें मतदान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिए शत शत मतदान होना चाहिए। लोगों के मतदान पर ही सही प्रतिनिधि के चुनाव के साथ प्रतिनिधि चुने जाते है जो देश की दशा को सही दिशा में ले जाते हैं।खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने जागरूकता अभियान के जरिए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया है।

विकास खण्ड मेजा के प्राथमिक विद्यालय हरदिहा में मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के समस्त नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारा देश किस दिशा में बढ़े। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह की सरकार हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी अनिवार्य रूप से अपने मत का सही उपयोग करें

कार्यक्रम में मौजूद नायब तहसीलदार कोरांव ने संबोधन में बताया कि मतदान हमारा संविधान प्रदत्त अधिकार है, इसके जरिए हम देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। एक अच्छे सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। देश में शांति और समृद्धि आती है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें।



## विनोबा नगर मोहल्ले जल जमाव से पसरी गंदगी, बीमारी की आशंका



**नैनी( प्रयागराज )।** नैनी क्षेत्र के विनोबा नगर मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से सड़क पर जल जमाव हो गया है। जिससे क्षेत्र में बीमारी फैलने की संभावनाएं बनी हुई है।

बताया जाता है, कि विनोबा नगर मोहल्ला नई बाजार से सटकर बसा हुआ है। इस मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से सड़क पर जल जमाव हो गया है। जिसके चलते मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य है। नालियों में पड़े कूड़ा करकट से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। गंदगी के चलते यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है । मच्छरों की भरमार हो गई है। नालियों से उठ रही दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है । गंदगी के चलते क्षेत्र में तमाम तरह की बीमारियां फैलने की संभावनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई , बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । जिससे लोगों में उनके प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

## घर-घर माँ के चंद्रघंटा स्वरूप का दर्शन पाकर भक्त हुए कृतार्थ

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को माता रानी के चंद्रघंटा स्वरूप में दर्शन किया। शक्तिपीठ से लेकर घरों में भी देवी प्रतिमाओं के समक्ष खूब जयकारे लगे। घरों में व्रती महिलाओं-पुरूषों ने अखंड ज्योति जलाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालु जप-तप भी कर रहे हैं। शुक्रवार को भगवती कूष्मांडा स्वरूप में दर्शन देंगी।लेड़ियारी कालीधाम मंदिर स्थित देवी मइया का भव्य श्रृंगार देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सकारात्मक ऊर्जा और आत्मशक्ति प्राप्ति के लिए लोगों ने कामना की। पंडाल परिसर में जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। माँ दुर्गा कमेटी के अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने कहा मां का आकर्षण दरबार सजाया गया है। साथ ही विधि-विधान से पूजन किया गया। लेड़ियारी बाजार काली धाम मंदिर में स्थापित काली माँ दुर्गा जी की , हनुमान जी, राम , लक्ष्मण , जानकी मूर्ति स्थापित है । विधिवत पूजन हो रहा है । माँ के जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस मौके पर सत्य प्रकाश मिश्रा, शिव मोहन द्विवेदी, धीरज केशरी, विनीत मोदनवाल, राहुल केशरी, विशाल केशरी, विजय केशरी, अभिषेक केशरी, अमन केशरी, रोहित केशरी, पंकज केशरी राजेन्द्र प्रसाद केशरी , राज केशरी , आदित्य प्रसाद केशरी , मंजू देवी, प्रियांसी केशरी , पलक , मुस्कान , अनुष्का केशरी आदि भक्तगण रहे।

## संगम क्षेत्र में अवैध पार्किंग वसूलने वाला युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** संगम क्षेत्र में लगातार अवैध पार्किंग शुल्क वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। सोमवार को बाहर से आने वाले यात्रियों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार में किया था। पार्किंग शुल्क वसूल करने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

संगम में पार्किंग के नाम ओर अवैध वसूली को लेकर कई बार शिकायते आ रही थी। दो दिन पहले यात्रियों से वसूली को लेकर हुयी मारपीट के बाद पुलिस सक्रिय हो गयी और मामले में दो लोगो को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद गुरूवार को वसूली करने वाले पार्किंग की पर्ची काटने वाली अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधि ने उसी को गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले कर दिया। बता दें कि कर्मचारियों को दो दिन पहले हुई मारपीट के बाद पार्किंग में रहने वाले लड़को को ड्रेस पहना दिया गया था। पार्किंग स्थल को वसूली के लिए स्थान तय भी कर दिया गया था। गुरुवार को एक युवक निर्धारित स्थानों से अलग हटकर पर्ची काट रहा था। सूचना मिलने पर पार्किंग की संचालिका सुनीता ने अपने कर्मचारियों के साथ उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

# कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक हैं-प्रधानमंत्री

करौली, 11 अप्रैल (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक हैं। कांग्रेस नेताओं ने तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के लिए मंदिरों को गिराकर उनकी जमीनों पर कब्जे किए। यहां रामनवमी की शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए जाते थे। जिस राजस्थान के धौलपुर ने अयोध्या में 500 साल के इंतजार के बाद बने भव्य राममंदिर के लिए पत्थर भेजे, उसी राम मंदिर पर कांग्रेस पार्टी के नेता कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं। इन लोगों ने राम मंदिर की प्रतिष्ठा का बहिष्कार तक किया। मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए मेरा पल-पल आपके नाम है, हर पल देश के नाम है। इसलिए कहता हूं, 24 गुणा 7 फॉर 2047 ।



प्रधानमंत्री गुरुवार को करौली-कैलादेवी मार्ग स्थित सिद्धार्थ सिटी में विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करौली बता रहा है कि चार जून को 400 पार। राजस्थान कह रहा है फिर मोदी सरकार। राजस्थान के हर घर पानी पहुंचेगा, यह मोदी की गारंटी है। कांग्रेस युवाओं की सरकारी नौकरी में लूट के मौके तलाशती है। पेपर लीक की फैक्टरी तैयार कर दी थी। कल कांग्रेस के बड़े नेता ने कहा है, कच्चातीवु टापू है। क्या वहां कोई रहता है क्या? फिर ये रेगिस्तान को क्या कहेंगे, कोई रहता है। कल ये कांग्रेसी राजस्थान जैसे सीमावर्ती राज्य की खाली जमीन ये ही कहकर किसी भी देश को दे सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेता समझ रहे हैं, राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता है। राजस्थान के बलिदानी वीर शहीदों के घर जाकर पूछो, उनके गांव की मिट्टी बताएगी, राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता है। कश्मीर की धरती पर राजस्थान के कई वीरों ने बलिदान दिया है। आप मुझे पूछते हो क्या वास्ता है। इस मिट्टी की शहीदों की समाधियां हैं। सत्ता से दूर होकर इनकी सोच इतनी संकुचित हो गई है कि ये लोग राणा प्रताप की धरती से पूछते हैं, कश्मीर का बाकी देश से क्या लेना-देना। आप कांग्रेस नेताओं के बयानों से इनके मंसूबों का अंदाजा लगा सकते हैं। कांग्रेस के शहजादे विदेशों में कहते हैं, भारत कोई राष्ट्र नहीं है। मोदी ने कहा कि राजस्थान कैसे पानी की मुसीबतों से गुजर रहा है, मैं समझता हूं। इसलिए समस्या के समाधान खोजने के लिए रास्ते खोजते रहते हैं। हम हाथ जोड़कर नहीं बैठे रहते। कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का पाप किया, भाजपा ने उसे सेवा, जिम्मेदारी और जवाबदेही का काम मानकर उसे पूरा किया। आने वाले समय में राजस्थान के हर घर-घर में पानी पहुंचेंगा, ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की शुरुआत की लेकिन कांग्रेस में उसमें भी घपला किया।

उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं की कितनी पीढ़ियों की जिंदगी कांग्रेस की उपेक्षा के कारण तकलीफ से गुजरीं। कांग्रेस ने दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को न कभी अवसर दिया और न सम्मान दिया। भाजपा ने 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों के जनधन के खाते खुलवाए। 11 करोड़ परिवार के लिए शौचालय बनवाए। भाजपा सरकार ने चार करोड़ लोगों को पक्के घर दिए। मोदी ने कहा कि ये चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने का चुनाव है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने उन समस्याओं के समाधान निकाले, जिन समस्याओं के आगे कांग्रेस ने हाथ खड़े कर दिए थे।

जनसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्वी राजस्थान में पानी की समस्या होती थी। चार दशकों से हम पानी के लिए परेशान हो रहे थे। ईआरसीपी को कांग्रेस लटकाती और भटकाती रही। पीएम ने राजस्थान में भाजपा सरकार आते ही डेढ़ महीने में इसे स्वीकृत किया।

राजस्थान की सरकार ने जो वादे किए थे वो एक-एक कर पूरे कर रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी। एक-एक गारंटी को पूरा कर रहे हैं। 2014 के बाद पीएम मोदी ने ऐतिहासिक काम किए हैं। कोरोना महामारी के समय पूरी दुनिया घबराई हुई थी। छोटे-छोटे देश कहते थे, इसमें भारत का क्या होगा। पीएम के नेतृत्व में कोरोना की महामारी से लोगों को बचाने का काम किया और दुनिया के 100 देशों को वैक्सीन देने का काम किया।

# राहुल गांधी ने किया सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा

बीकानेर, 11 अप्रैल (हि.स.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज कहा कि केंद्र में अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हम तीस लाख सरकारी नौकरियां लोगों को देंगे। सरकार और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकारी संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी। राजस्थान के अनूपगढ़ में गुरुवार को बीकानेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गोविंदराम मेघवाल के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए राहुल ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून लागू करेंगे। अगर नरेन्द्र मोदी उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्जा माफ करके दिखाएगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की दो सौ सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किए हैं। हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता। राहुल गांधी ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी लेकिन कोई यह बताए कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या? मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देखकर चल रहा हूं। उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और महंगाई है लेकिन मीडिया को जनता की समस्या नहीं दिखती, क्योंकि उनके मालिक नहीं चाहते हैं। वे अंबानी की शादी दिखाएंगे, लोग हजारों की संख्या में विदेशों से घूमने आ रहे हैं, ये दिखाएंगे। मोदी को समुद्र में छलांग लगाते दिखाएंगे लेकिन आम लोगों की समस्या नहीं दिखतीं। राहुल गांधी ने कहा कि सेना गारंटी देती थी कि यदि आप शहीद हुए तो परिवार को मुआवजा मिलेगा, कैंटीन मिलेगी, पेंशन मिलेगी। नरेन्द्र मोदी ने अग्निवीर स्कीम लाकर भरोसा तोड़ा है। ये आर्मी ने नहीं कहा कि हमें अग्निवीर चाहिए, ये पीएम ऑफिस से लागू हुई है। जैसे ही सरकार आएगी, अग्निवीर योजना रद्द कर देंगे। पहले जैसी सुविधाएं देंगे। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि हम चुनाव जीतने के बाद जातिगत जनगणना करेंगे। यह पता लगाएंगे कि



हिंदुस्तान का धन कितने और किन लोगों के हाथ में हैं। हर संस्था और बड़ी कंपनियों को देखेंगे। पिछड़ों, दलित, आदिवासी, गरीबों की भागीदारी का पता लगाएंगे। दूध का दूध, पानी का पानी करेंगे।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान के विधानसभा चुनावों में मोदी ने झूठ बोलकर चुनाव जीता। वे तब कहते थे कि राजस्थान में सबसे ज्यादा रेप होते थे, रेप तो अब हो रहे हैं। कन्हैयालाल को मुआवजा देने को लेकर झूठ बोला। अमेरिका और जर्मनी भारत सरकार की आलोचना कर रही हैं, दुनिया में भाजपा देश को बदनाम कर रही है। यह चुनाव देश को बचाने का है, लोकतंत्र को बचाने का है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने चुनाव से पहले मंत्री बनाए गए भाजपा प्रत्याशी को अग्निवीर बना दिया। वो चार्ज भी नहीं संभाल सके और उससे पहले ही मंत्री पद से हटना पड़ा। मोदी सरकार ने किसानों से एमएसपी कानून का वादा किया था लेकिन यहां के किसानों की डिमांड वह पूरी नहीं कर रही है।

# इतिहास के पन्नों में 12 अप्रैल: अंतरिक्ष की लड़ाई में अमेरिका पर सोवियत संघ की जीत के नायक हैं यूरी गागरिन

देश-दुनिया के इतिहास में 12 अप्रैल की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। यह तारीख अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में सोवियत संघ के लिए आज भी खास है, क्योंकि यूरी गागरिन 12 अप्रैल, 1961 को अंतरिक्ष जाने वाले पहले शख्स बने थे। यह अंतरिक्ष की लड़ाई में अमेरिका पर सोवियत संघ की बड़ी जीत मानी जाती है। उनकी सकुशल वापसी ने तो इस जीत को निर्विवाद बना दिया था। मॉस्को में इस तारीख को सुबह के 9ञ्37 बज रहे थे। पूरा सोवियत संघ सांस थामे एकटक आसमान की ओर देख रहा था। जैसे ही वोस्टॉक-1 एयरक्राफ्ट को लॉन्च किया गया, सभी की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। इस क्षण जो हुआ, वो इतिहास में इससे पहले कभी नहीं हुआ। पहली बार किसी इंसान ने अंतरिक्ष में कदम रखा। इसके साथ ही यूरी गागरिन का नाम भी इतिहास में दर्ज हो गया। यूरी 108 मिनट बाद धरती पर वापस लौटे। पूरी दुनिया ने उनका स्वागत एक हीरो की तरह किया।

साल 1934 में तब के सोवियत संघ (आज के रूस) के क्लूशीनो गांव में जन्मे यूरी एलेक्सेविच गागरिन एक बढ़ई के बेटे थे। जब यूरी 6 साल के थे, तब दूसरे विश्व युद्ध के दौरान उनके घर पर एक नाजी अधिकारी ने कब्जा कर लिया। उनके पूरे परिवार को दो साल तक झोपड़ी में रहना पड़ा। नाजियों ने उनकी दो बहनों को बंधुआ मजदूर बनाकर जर्मनी भेज दिया। वह जब 16 वर्ष के हुए तो मॉस्को चले गए। वहां उन्हें सरातोव के एक टेक्निकल स्कूल में जाने का मौका मिला। वहां उन्होंने एक फ्लाइंग स्कूल को ज्वॉइन कर लिया। यहीं से उनके मन में प्लेन में बैठकर आसमान छूने का सपना पलने लगा। 1955 में उन्होंने पहली बार अकेले विमान उड़ाया। 1957 में ग्रेजुएशन पूरा कर यूरी एक फाइटर पायलट बन गए ।

1957 में ही सोवियत संघ ने पहले सैटेलाइट स्पूतनिक-1 को अंतरिक्ष में स्थापित किया था। इसके बाद तय किया गया कि अब इंसान को अंतरिक्ष में भेजा जाए। इसके लिए पूरे देश से आवेदन



मंगवाए गए। हजारों लोगों की कड़ी मानसिक और शारीरिक परीक्षा ली गई। आखिरकार 19 लोगों का चयन हुआ। यूरी गागरिन भी इनमें से एक थे।

अंतरिक्ष से लौटने के बाद गागरिन दूसरे अंतरिक्ष यात्रियों को ट्रेनिंग देने लगे। 27 मार्च 1968 को ऐसे ही एक ट्रेनिंग सत्र के दौरान उनका मिग-15 जहाज हादसे का शिकार हो गया। हादसे में यूरी गागरिन और साथी पायलट की मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें सम्मान देने के लिए 1968 में उनके होम टाउन का नाम बदलकर %गागरिन% रख दिया गया।

महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1945: अमेरिका ने ओकीनावा पर आक्रमण किया।

1945: जापानी मंत्रिमंडल का त्यागपत्र।

1981ञ् अंतरिक्ष यान कोलंबिया पहली बार अंतरिक्ष में भेजा गया।

1991 - खाड़ी युद्ध औपचारिक रूप से समाप्त।

1998: गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल के नए प्रधानमंत्री नियुक्त।

2006: साइप्रस के राष्ट्रपति तासोस पापादोलस छह दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे।

2007: पाकिस्तान ने ईरान गैस पाइपलाइन पर भारत को मंजूरी दी।

2007: एयरलाइंस जेट ने एयर सहारा को खरीदा।

2008: भारतीय मूल के ब्रिटिश उद्योगपति और सांसद लॉर्ड स्वराजपाल के स्वामित्व वाले केपेरो समूह ने पश्चिम बंगाल के सिंगूर में मोटर वाहन के पुर्जे बनाने की तीन इकाइयों को लगाने का फैसला किया।

2008: अफगानिस्तान में भारतीयों के एक काफिले पर हुए आत्मघाती हमले में दो भारतीय इंजीनियरों सहित तीन की मौत।

2010: लुधियाना के गुरु नानक देव स्टेडियम में भारतीय कबड्डी टीम ने पाकिस्तान की टीम को 58-24 से पराजित कर प्रथम विश्वकप कबड्डी प्रतियोगिता जीती।

2010: ब्रिटिश-भारतीय लेखक राणा दासगुप्ता को महागाथा सोलो के लिए कॉमनवेल्थ राइटर्स पुरस्कार देने की घोषणा की गई। साथ ही आस्ट्रेलियाई ग्लेंडा गेस्ट के %सिडॉन रॉक% को यहां हुए पुरस्कार के ग्रांड फिनाले में श्रेष्ठ पहली पुस्तक का अवार्ड मिला।

2014: मशहूर गीतकार गुलजार को वर्ष 2013 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिया गया।

जन्म

1885- मोहनजोदड़ो की खोज करने वाले प्रसिद्ध भारतीय इतिहासकार राखलदास बनर्जी।

1910: भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता और गीतकार केदार शर्मा।

1921: भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुन्दर सिंह भण्डारी।

1937: हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार गुलशन बावरा।

1943: पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन।

1953: ध्रुपद गायन के सशक्त हस्ताक्षर ऋत्विक सान्याल।

1954: प्रसिद्ध मार्क्सवादी नाटककार सफदर हाशमी।

1981: अमेरिकी कांग्रेस में पहली हिंदू अमेरिकी सांसद तुलसी गेबार्ड।

निधन

1236: दिल्ली का शासक इल्तुतमिश।

1723: मुगल वंश का 12वां बादशाह नेकसियर।

1978: शायर ताज भोपाली।

1945: अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट।

2006: कन्नड़ सिनेमा के अभिनेता राजकुमार।

2023: फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री उत्तरा बाओकर।

## तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के मानहानि नोटिस पर शशि थरूर ने लिया यू टर्न

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। तिरुवनंतपुरम के भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर पर वोट के लिए पैसे देने के आरोप से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार शशि थरूर पलट गए हैं। गुरुवार को मीडिया से बातचीत में शशि थरूर ने कहा कि मैंने किसी भी स्तर पर कोई विशेष आरोप नहीं लगाया है। थरूर ने यह भी कहा है कि मैंने इसे विभिन्न लोगों से सुना है, जिनमें स्थानीय समुदाय के कुछ प्रमुख लोग भी शामिल हैं। तथाकथित तौर पर एक टीवी शो के दौरान शशि थरूर ने यह आरोप केंद्रीय मंत्री और तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर पर लगाए थे। इसके बाद राजीव चंद्रशेखर ने कथित तौर पर मानहानि का नोटिस भेजा है। इस मामले में शशि थरूर ने यह भी कहा है कि उन्हें अभी तक नोटिस नहीं मिला है। भगवान जानता है कि उन्होंने इसे किस पते पर भेजा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब उन्हें नोटिस मिल जाएगा तब उसका उचित जवाब दिया जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्री और तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर ने मीडिया से

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चलेगा कश्मीर जैसा टारगेट बेस्ड ऑपरेशन

रायपुर, 11 अप्रैल (हि.स.)। छत्तीसगढ़ में दो दिवसीय दौरे के पहले दिन बुधवार को गृह सचिव अजय कुमार भल्ला और इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर तपन कुमार डेका पहुंचे। इन्होंने नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में बैठक ली।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बैठक दो राउंड में करीब 6 घंटे से ज्यादा देर शाम तक चली।आज गुरुवार को नक्सल विरोधी मूवमेंट को लेकर बैठक होगी। बैठक में दस राज्यों के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी और सीआरपीएफ जैसी केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुख भी ऑनलाइन शामिल हुए। बैठक में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव और नक्सल इलाकों में रणनीति को लेकर चर्चा की गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल प्रभावित इलाकों में कश्मीर की तरह टारगेट बेस्ड ऑपरेशन लॉन्च करने की प्रक्रिया और लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने रणनीति बनाई गई। बैठक में राज्यों के बीच कानून और सुरक्षा को लेकर आपसी समन्वय पर भी बात हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के कई बड़े अफसर भी शामिल हुए। इनमें मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, सीआरपीएफ और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अफसर शामिल हुए। बीते दिनों बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ फोर्स को मिली बड़ी सफलता को लेकर चर्चा की गई। फोर्स की जरूरतों के अनुसार संसाधन मुहैया कराने पर चर्चा भी की गई है।

## जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

पुलवामा, 11 अप्रैल (हि.स.)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के फ्रैसीपोरा क्षेत्र में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया।

पुलिस के मुताबिक इलाके में कुछ आतंकियों की मौजूदगी के बारे में इनपुट मिला था। इसके आधार पर सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने संदिग्ध स्थान की ओर तलाशी अभियान तेज किया तो छिपे हुए आतंकियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस दौरान हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है। क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है।

# हिप्र में लोकसभा के साथ ही उपचुनाव वाली विधानसभा की सभी सीटें बड़े अंतर से जीतेंगे-अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज कहा कि इन दिनों पूरा देश लोकतंत्र के महापर्व को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। वैसे तो देश में नेशनल क्रश बहुत होंगे लेकिन नेशनल ट्रस्ट सिर्फ़ मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। आज जनता को सिर्फ़ मोदी और मोदी की गारंटी पर भरोसा है। अपने हिमाचल प्रदेश प्रवास के तीसरे दिन गुरुवार को हमीरपुर स्थित गांधी चौक पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार दोबारा नहीं बनी, क्योंकि वहां उन्होंने एक भी वादे पूरे नहीं किए थे। राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार देश में सबसे ज्यादा होते थे और 19 पेपर लीक हुए हुए। छत्तीसगढ़ में सिर्फ मुख्यमंत्री के परिवारजनों को ही सरकारी नौकरी मिलती थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जहां महादेव एप घोटाला सामने आया वहीं राजस्थान के सचिवालय में ही करोड़ों रुपये और सोना बरामद हुआ। यह लोग किसी प्रकार हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में झूठी गारंटी के दम पर आए हैं परन्तु आज एक भी वादा पूरा करने में पूरी तरह से फेल हो चुके हैं। अभी तक 1500 रुपये प्रतिमाह माता बहनों को नहीं मिले हैं, ना ही 100 रुपये प्रति लीटर दूध और दो रुपये प्रति किलो गोबर खरीदा गया है। पांच लाख नौकरियों का दम भरने वालों ने अभी तक पांच युवाओं को भी नौकरी नहीं दी है, इसीलिए आज जनता ने मन बना लिया है कि सरकार बनाएंगे तो सिर्फ मोदी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की 4 की 4 और देश में 400 पार की बयार चल रही है और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव की सभी सीटें भाजपा बड़े अंतर से जीतने जा रही है। अनुराग ठाकुर ने पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा देश में लिये गए परिवर्तन को रेखांकित करते हुए कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया, 4 करोड़ पक्के आवास, 12 करोड़ शौचालय, 13 करोड़ लोगों को नल से जल, 11 करोड़ से ज्यादा बहनों को रसोई गैस के कनेक्शन और 81 करोड़ लोगों को निशुल्क अनाज के साथ-साथ 60 करोड़ लोगों को सालाना 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया गया। इसके साथ-साथ 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, आज 150 के करीब हैं। पहले 90 लाख किलोमीटर के आसपास हाइवे थे, आज 1.50 लाख किलोमीटर के आसपास हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में डबल इंजन की सरकार थी तब एक ओर जहां मोदी ने माताओं बहनों को धुएं से आजादी देने के लिए उज्जवला योजना चलाई थी, वहीं जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री गृहिणी योजना चलाई थी। अगर प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत योजना लाई तो जयराम ठाकुर सरकार हिमकेयर योजना लाई। कोरोना के समय एक ओर जहां देश ने दो-दो स्वदेशी वैक्सीन बनाकर रिकॉर्ड समय में 220 करोड़ लोगों को निशुल्क टीके लगवाए वहीं तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश को सबसे तेजी से टीके लगाने वाला राज्य बनाया।

# ममता शामिल हुईं ईद की नमाज में, की राजनीतिक अपील-कहा, एक भी वोट किसी और पार्टी को नहीं जाना चाहिए



कोलकाता, 11 अप्रैल (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के राजपथ रेड रोड पर गुरुवार सुबह ईद की नमाज अदा की गई है। इसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी शामिल हुए हैं। खास बात यह है कि इस मजहबी त्यौहार में शामिल होकर ममता बनर्जी ने जमकर राजनीतिक बात की। नमाज के मंच से ममता ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में मुस्लिम समुदाय का एक भी वोट किसी भी दूसरी पार्टी को नहीं जाना चाहिए। जब सीएम यह बात कह रही थीं, तब उनके बगल में उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी खड़े थे। ममता बनर्जी ने कहा, ÷ईद मुबारक। यह खुशियों की ईद है। यह ताकत देने की ईद है। इस ईद को एक महीने तक उपवास करके मनाना बहुत बड़ी बात है। हम अपने वतन के लिए खून बहाने के लिए तैयार हैं लेकिन देश में अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुझे सर्वधर्म समभाव चाहिए, नो एनआरसी, नो सीएए। ÷ उल्लेखनीय है कि हर साल ईद के मंच से ममता बनर्जी की राजनीतिक बयानबाजी होती रही है।

मुस्लिम समुदाय की ओर से इसे लेकर विरोध भी जताया जाता रहा है। बावजूद इसके ईद जैसे पाक मौके पर राजनीतिक बयानबाजी का सिलसिला लगातार जारी है।

## संदेशखाली पर शिकायतों का अब सीबीआई लेगी संज्ञान

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (हि.स.)। संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन कब्जाने की शिकायतों के संबंध में अब सीधे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को शिकायत की जा सकती है। सीबीआई ने इसके लिए ईमेल आईडी जारी की है। सीबीआई ने इस ईमेल आईडी के व्यापक प्रचार के लिए भी स्थानीय प्रशासन से अनुरोध किया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करने के लिए सीबीआई ने यह कदम उठाया है। सीबीआई इन शिकायतों पर सीधे संज्ञान लेगी। सीबीआई ने एक जारी बयान में कहा है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ के बुधवार 10 अप्रैल के आदेश के तहत यह ई मेल आईडी बनाई है। इस आईडी पर संदेशखाली उत्तर 24 परगना जिले के व्यक्तियों की शिकायतें दर्ज होंगी।